वर्ष : 17 | अंक : 129 | मूल्य : 02 रुपया मात्र | पृष्ठ : 08

LKS
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित | गुरुवार 26 फरवरी 2026 | लोकतंत्र का स्तंभ

# पीएम मोदी 9 साल बाद इजराइल पहुंचे

## इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पत्नी के साथ एयरपोर्ट पर रिसीव किया

एजेंसी। तेल अवीव



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के इजराइल दौरे पर पहुंचे हैं। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ पीएम का स्वागत किया गया। पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। मोदी 9 साल बाद इजराइल पहुंचे हैं। इससे पहले वे जुलाई 2017 में गए थे। मोदी आज इजराइल की संसद को भी संबोधित करेंगे। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। इसके अलावा वे भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे।

**भारत-इजराइल में हथियारों की डील पर बातचीत संभव** : मोदी के इस दौरे पर भारत और इजराइल के हथियारों से जुड़ी डील पर बातचीत की संभावना है। इनमें ड्रोन और एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। इजराइली अखबार, द जेरूसलम पोस्ट ने पीएम मोदी के दौरे पर उनके स्वागत के लिए एक खास फ्रंट पेज छापा। फ्रंट पेज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ हिंदी में लिखा 'नमस्ते' नजर आ रहा है। वहीं उसके बगल में हिब्रू भाषा में भी 'शालोम' लिखा है, जिसका मतलब हेलो या नमस्ते है। इसका दूसरा अर्थ शांति भी होता है। आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25-26 फरवरी को इजराइल की राजकीय यात्रा पर रवाना हुए हैं। यह प्रधानमंत्री की इजराइल की दूसरी यात्रा है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी इजराइल में नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा करेंगे और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा एवं सुरक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था तथा जन-समुदाय के आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा करेंगे। दोनों नेताओं के बीच पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान होने की उम्मीद है।

## चुनाव आयोग के सम्मेलन में 'राष्ट्रीय घोषणा' को अपनाया गया

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और राज्य चुनाव आयुक्तों (एसईसी) के मंगलवार को आयोजित राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन में 'राष्ट्रीय घोषणा 2026' को सर्वसम्मति से अपनाया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि इस प्रकार की बैठक अब हर वर्ष आयोजित की जाएगी। चुनाव आयोग के मुताबिक 27 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित इस सम्मेलन में 30 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों ने भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। सम्मेलन में चुनावी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें ईसीआईनेट, ईवीएम, मतदाता सूची प्रबंधन और प्रशिक्षण सुविधाओं को राज्यों के साथ साझा करने पर सहमति बनी। राज्य निर्वाचन आयुक्तों ने कहा कि शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है तथा पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करती है। राष्ट्रीय घोषणा 2026 में यह भी तय किया गया कि पंचायत और नगर निकाय चुनावों से संबंधित कानूनों को संसद और विधानसभा चुनावों से जुड़े प्रावधानों के साथ समन्वय में लाया जाएगा, ताकि चुनावी प्रक्रिया में एकरूपता सुनिश्चित हो सके। निर्वाचन आयोग ने राज्यों से अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का आग्रह भी किया। सम्मेलन में राज्यों से प्राप्त सुझावों की समीक्षा के लिए कानूनी और तकनीकी अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। यह टीम तीन महीने के भीतर राज्यवार कार्ययोजना तैयार कर आयोग को सौंपेगी।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



### पादरी लोरन भड़के क्या सुधरेंगे राष्ट्रपति ट्रंप

अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के शार्लोट स्थित सेंट्रल चर्च के वरिष्ठ पादरी लोरन लिविंगस्टन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भाषा और उनके सार्वजनिक आचरण को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। हालिया धर्मोपदेश में उन्होंने कहा, देश के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति को संयमित, शालीन और मर्यादित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। उनका कहना था, नेतृत्व केवल नीतियों और निर्णयों से नहीं होता है। बल्कि स्वयं के चरित्र, व्यवहार और वाणी से व्यक्ति की पहचान होती है। हर सफल व्यक्ति के पीछे उसका चरित्र, व्यवहार और उसकी कही हुई बातें ही महत्व रखती हैं। अमेरिका में अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर राजनीति के साथ-साथ धार्मिक क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर विरोध होने लगा है। पादरी लिविंगस्टन ने कहा, कि सार्वजनिक जीवन में अपमानजनक और अशोभनीय शब्दों का प्रयोग पूरे समाज को गलत संदेश देता है। उन्होंने पवित्र बाइबिल का हवाला देते हुए कहा, हृदय की प्रचुरता एवं संवेदनशीलता से ही मुख से बातें निकलती हैं।

उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीख देते हुए समझाया, व्यक्ति की भाषा ही उसके भीतर के विचारों और चारित्रिक मूल्यों को दर्शाती है। यदि नेता की वाणी कटु और अपमानजनक है, तो यह उसके आंतरिक दृष्टिकोण को प्रकट करती है। उन्होंने स्पष्ट किया, राजनीतिक विचारधारा और ईसाई आस्था को एक-दूसरे के समान नहीं माना जा सकता है। डोनाल्ड ट्रंप अपने आप को 'रूढ़िवादी', 'जीवन समर्थक' या 'बाइबिल आधारित परिवार का समर्थक' बताना उन्हें सच्चा ईसाई नहीं बनाता है। उन्होंने नस्लीय आधार पर धर्म को विभाजित करने की प्रवृत्ति पर भी भारी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा, मसीही समुदाय में श्वेत और अश्वेत जैसी अलग पहचान नहीं है। बिना किसी भेदभाव के जो व्यक्ति ईसा मसीह पर विश्वास करता है, यह विश्वास ही उन्हें सच्चा मसीही बनाता है। सभी में मसीह हैं और मसीह एक ही है। उनके इस बयान के बाद अमेरिका में राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर बहस तेज हो गई है। पादरी के इस बयान की बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया अमेरिका में हो रही है। पादरी के इस बयान के बाद अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ संसद से लेकर सड़क तक एक नाराजगी देखने को मिल रही है।

अमेरिका के नागरिक और धर्म समर्थकों के बीच इसकी बड़ी तीव्र प्रक्रिया हुई है। अमेरिका के नागरिक पादरी के बयान को नैतिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण नसीहत मान रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जिस तरह से विभिन्न राज्यों के नागरिकों के साथ अलग व्यवहार कर रहे हैं, अमेरिकी समाज को उन्होंने कई हिस्सों में बांट दिया है। मानों सब एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हुए हैं। यह अमेरिका की संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था के कहीं से भी अनुकूल नहीं है। ईसाई धर्म में जिस तरह की वैमनस्यता आपस में फैलाई जा रही है। उसका अमेरिका जैसे स्वतंत्र और लोकतांत्रिक देश में कोई स्थान नहीं है। लोग महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं।

सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के कश्मीरी गेट पर लॉरेंस बिश्नोई की लीगल टीम की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग, एक घायल



**नई दिल्ली**। देश की राजधानी दिल्ली का कश्मीरी गेट इलाका मंगलवार रात गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्रा उठा। आईएसबीटी के पास स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के सामने बेखौफ बदमाशों ने एक कार को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। कार में सवार पांच लोगों में से एक ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की लीगल टीम का वकील होने का दावा किया है। इस जानलेवा हमले में कार सवार एक युवक को दो गोलियां लगी हैं, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और हमलावरों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह वारदात रात करीब 10:30 बजे की है। कार में सवार अधिवक्ता दीपक खत्री अपने सहयोगियों और संदीप नामक शख्स के साथ हनुमान मंदिर में दर्शन करने आए थे। जैसे ही दर्शन करने के बाद सभी लोग कार में बैठे और ड्राइवर ने गाड़ी आगे बढ़ानी शुरू की, तभी अज्ञात बदमाशों ने कार पर पीछे से धावा बोल दिया। बदमाशों ने ताबड़तोड़ चार राउंड फायरिंग की, जिससे कार का पिछला शीशा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। इस हमले में पीछे की सीट पर बैठे संदीप को कंधे के पास दो गोलियां लगीं। गोलियां चलने से मौके पर भगदड़ मच गई, जिसका फायदा उठाकर हमलावर फरार होने में कामयाब रहे। वारदात के समय कार के ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय दिया और घबराने के बजाय कार की रफ्तार बढ़ाकर उसे सुरक्षित स्थान की ओर ले गया।

### अमेरिकी सैनिक टॉयलेट रोककर करेंगे जंग! क्या यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड जाएगा वापस?



**वाशिंगटन**। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। ईरान ने दशकों में पहली बार इस इलाके में अपनी सबसे बड़ी सैन्य ताकत झोंक दी है। जवाब में अमेरिका ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाले अपने सबसे शक्तिशाली एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को मोर्चे पर लगा दिया है, लेकिन इस 13 बिलियन डॉर् की लागत वाले जहाज के अंदर एक गंभीर मानवीय संकट खड़ा हो गया है। जहाज के 650 टॉयलेट में से ज्यादातर काम करना बंद कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूएस ने इस इलाके में यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को भी तैनात किया है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर माना जाता है, लेकिन इन सबके बीच यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड पर विदेश में तैनात नाविकों को एक अलग समस्या का सामना करना पड़ रहा है जो है टॉयलेट संकट। यह एयरक्राफ्ट कैरियर पिछले साल जून से समुद्र में है। इसने जनवरी में वेनेजुएला के पूर्व प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन फोर्ड की तैनाती को और बढ़ाने के अमेरिकी प्रेसिडेंट के फैसले ने इसके लिए कई समस्याएं खड़ी कर दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लंबे समय तक तैनाती के कारण फोर्ड का सीवेज सिस्टम खराब हो गया है।

## कांग्रेस पार्टी अपने युवा निडर सिपाहियों के साथ खड़ी : प्रियंका गांधी वाड्रा



**नई दिल्ली**। देश की राजधानी दिल्ली में पुलिस द्वारा इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शर्मनाक करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने युवा निडर सिपाहियों के साथ खड़ी है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पोस्ट कर लिखा कि सत्य के लिए शांतिपूर्ण एवं अहिंसक प्रतिरोध हमारी गौरवशाली विरासत है जो हमें महात्मा गांधी और लाखों-करोड़ों भारतीय पूर्वजों से मिली है। दुनिया भर के दबाव में झुककर, भारत के हितों से समझौता करने वाली केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाने में 140 करोड़ भारतवासियों का हित है। जनता की आवाज उठाने के लिए युवा कांग्रेस के साथियों पर कार्रवाई अत्यंत निंदनीय एवं शर्मनाक है। दरअसल यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नाराजगी जाहिर की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जो लोग जनता के लिए आंदोलन कर रहे हैं, जो आम लोगों की आवाज उठा रहे हैं, जो किसानों की आवाज उठा रहे हैं, केंद्र सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि अगर सरकार का विरोध करना जुर्म है, तब कांग्रेस का हर व्यक्ति यह जुर्म बार-बार करेगा। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मां रजनीबाला ने कहा कि चिब को सोमवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रदर्शन को साजिश बताया, लेकिन मुझे समझ नहीं आ रहा है कि देश में विरोध करना कब से साजिश होने लगा।

# त्सोमगो झील के पास फंसे 2,700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया

एजेंसी। गंगटोक



पूर्वी सिक्किम में मौजूद त्सोमगो झील (चांगू झील) के पास भारी बर्फबारी के कारण फंसे 2,700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि शेराथांग और आसपास के ऊंचाई वाले इलाकों में तेज हिमपात से सड़कें पूरी तरह अवरुद्ध हुई थीं। हालात इतने खराब थे कि '15वें मील' से त्सोमगो झील के बीच का संपर्क कट गया और कुल 541 पर्यटक वाहन बर्फ में फंस गए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इन वाहनों में सवार 2,736 पर्यटक कठिन परिस्थितियों में फंसे हुए थे। शून्य से नीचे तापमान (सब-ज़ीरो) और कम दृश्यता के बीच राहत एवं बचाव दलों ने समन्वित अभियान चलाया। यह रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार देर रात तक जारी रहा। प्रशासन, पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से सभी वाहनों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और सभी पर्यटकों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। बर्फबारी इतनी तीव्र थी कि सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया था। कई स्थानों पर बर्फ की मोटी परत जमने से वाहन फिसल रहे थे और यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। ऐसे में राहत दलों ने प्राथमिकता के आधार पर पर्यटकों को सुरक्षित निकालने का काम किया। घटना के बाद सिक्किम पर्यटन विभाग ने पर्यटकों और टूर ऑपरेटरों के लिए सख्त एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने कहा है कि यात्रा से पहले मौसम विभाग के अलर्ट अवश्य जांचें। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में टायरों पर 'स्नो चेन' का उपयोग अनिवार्य रूप से करें ताकि वाहन फिसलने से बचें। साथ ही, वाहनों में पर्याप्त भोजन, गर्म कपड़े और आपातकालीन किट रखना जरूरी है। यह घटना पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम की अनिश्चितता और सावधानी की अहमियत को रेखांकित करती है।

## जल्द बांग्लादेश लौटेंगे और सड़कों पर संघर्ष भी करेंगे: शेख हसीना



**नई दिल्ली**। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने महीनों की खामोशी के बाद एक ऐसा कदम उठाया है जिसने ढाका के सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। जुलाई 2024 के तख्तापलट और हिंसक विद्रोह के बाद भारत में शरण लेने वाली शेख हसीना ने अब अपने वतन लौटने की तैयारी का स्पष्ट संकेत दे दिया है। दिल्ली से अपनी पार्टी, आवामी लीग के नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मानसिक और शारीरिक रूप से संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा, बोरिया-बिस्तर बांध लो, अब देश लौटने और मैदान में उतरने का वक्त आ गया है। शेख हसीना का यह बयान ऐसे समय में आया है जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन पर कई गंभीर मुकदमे दर्ज किए हैं और उनकी पार्टी पर कई तरह की पाबंदियां लगा दी गई हैं। दिल्ली में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान हसीना ने न केवल अपनी वापसी का संकल्प दोहराया, बल्कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की वैधता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए।

## आईआरसीटीसी की 'ई-पेंट्री मील बुकिंग सर्विस' को मिले 65 हजार से ज्यादा आर्डर



**नई दिल्ली**। ट्रेन में सफर करने वाले यात्री अपना मील चुनते हैं। इन्हीं यात्रियों की पसंद को समझते हुए आईआरसीटीसी ने आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें बताया गया है कि ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में से यात्रियों को सबसे ज्यादा कौन सा मील पसंद आता है। वंदे भारत, शताब्दी और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में टिकट के साथ ही मील बुक करने का विकल्प दिया जाता है और इनमें पेंट्री कार नहीं होती। यहां आईआरसीटीसी के बेस किचन से खाना पहुंचाया जाता है। दूसरी ओर कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में पेंट्री कार मौजूद होती है, जहां से ऑर्डर पर यात्रियों को भोजन सर्व किया जाता है। हालांकि लंबी दूरी की उन ट्रेनों में समस्या आती है, जिनमें पेंट्री कार नहीं होती है। ऐसी परेशानी को दूर करने के लिए आईआरसीटीसी ने अप्रैल 2025 में 'ई-पेंट्री मील बुकिंग सर्विस' शुरू की थी, जिसने यात्रियों को काफी राहत दी है। यह सेवा सबसे पहले विवेक एक्सप्रेस में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की गई थी और सफल परीक्षण के बाद इसे 25 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में लागू किया गया। ई-पेंट्री के तहत यात्री अपनी पसंद का भोजन पहले से ऑनलाइन बुक कर सकते हैं, जो तय समय पर उनकी सीट तक पहुंचा जाता है।

# गांधी परिवार ने हमेशा देशहित से समझौता किया: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने हमेशा देशहित से समझौता किया और इसकी शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से हुई थी। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में गोयल ने कहा कि गांधी परिवार समझौतावादी राजनीतिक परिवार रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान दोनों इस बात के उदाहरण हैं कि किस प्रकार यह परिवार राष्ट्रहित से समझौता करता रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए गोयल ने उन्हें नकारात्मक राजनीति का पोस्टर बॉय बताया। गोयल ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेशी ताकतों के प्रभाव में देशहित के विरुद्ध बयान देते हैं और भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का देश विरोधी ताकतों के साथ संबंध है। किस प्रकार से वो बॉर्डर सेंसेटिव एरिया लद्दाख में जाकर साकिर मिराली जैसे विदेशी लोग, जो भारत के हितों के खिलाफ काम करते हैं, उनके साथ संबंध रखते हैं। आज पूरा देश जानता है कि राहुल गांधी किस प्रकार से ओछी राजनीति कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में भी ऐसे कई फैसले लिए गए, जिन्हें वे देशहित के प्रतिकूल बताते हैं। गोयल ने 1971 के शिमला एग्रीमेंट का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय 93 हजार पाकिस्तानी युद्धबंदियों को रिहा किया गया लेकिन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर वापस नहीं लिया गया। उन्होंने बोफोर्स मामले का जिक्र करते हुए कहा कि उस प्रकरण में निष्पक्ष जांच नहीं होने दी गई।

# केंद्र का हिस्सा सीधे किसान के खाते में जाएगा: शिवराज

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा में आयोजित तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खेती-किसानी को "विकसित कृषि-आत्मनिर्भर भारत" की दिशा में ले जाने वाले कई बड़े कृषि सुधारों का रोडमैप सामने रखा। उन्होंने साफ संदेश दिया कि अब किसान का पैसा रोक कर रखने की पुरानी व्यवस्था नहीं चलेगी, एमएसपी खरीदी से लेकर केसीसी लोन, पेस्टिसाइड लाइसेंस और केवीके की भूमिका तक हर स्तर पर पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही तय की जाएगी। बुधवार को पूसा स्थित आईसीएआर–आईएआरआई परिसर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित पूसा कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर भारत सरकार के कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी, आईसीएआर के महानिदेशक और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एम. एल. जाट और आईएआरआई के निदेशक डॉ. सी. एच. श्रीनिवास राव सहित बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सात किसानों को आईएआरआई कृषि अध्येता पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे "किसान प्रथम" की भावना को और बल मिला। कृषि रिफॉर्म्स पर अपनी बात रखते हुए शिवराज चौहान ने सबसे पहले किसानों के बकाया भुगतान में देरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी, उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसान को देर से भुगतान और सरकारी खातों में पैसा "पार्क" रखकर लाभ कमाने की प्रवृत्ति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार अपनी ओर से देरी नहीं करेगी और यदि किसी योजना में राज्यों की ओर से भुगतान में विलंब होता है तो भी केंद्र का हिस्सा सीधे किसान के खाते में भेजने के विकल्प पर काम किया जा रहा है। उनका संदेश था कि किसान को कम से कम केंद्र की ओर से मिलने वाला लाभ समय पर और बिना अड़चन के पहुँचे। कृषि यंत्रीकरण, ड्रिप, स्प्रिंकलर, पाली हाउस और ग्रीन हाउस जैसी तकनीकों के लिए दी जा रही सहायता का ज़िक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार राज्यों को 18 से अधिक योजनाओं के तहत संसाधन उपलब्ध करा रही है लेकिन केवल पैसा भेज देना पर्याप्त नहीं है।

## कांग्रेस ने भारत के सोलर पैनलों पर 126 फीसदी अमेरिकी शुल्क लगाने की आलोचना की



**नई दिल्ली**। अमेरिकी वाणिज्य विभाग द्वारा भारत से आयातित सोलर सेल्स और पैनलों पर 125.87 प्रतिशत शुल्क लगाने के निर्णय की कांग्रेस ने आलोचना की है। महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि भारत पर अमेरिका का यह कदम बेहद अजीब है। इससे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की वास्तविकता सामने आ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस समझौते की सराहना की थी और कहा था कि इससे अमेरिका में भारत के निर्यात के लिए दरवाजे खुलेंगे, वह दरअसल पूरी तरह एकतरफा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस समझौते के तहत भारत को अमेरिका से आयात की अनुमति तो मिल जाएगी लेकिन भारत से अमेरिका को निर्यात वहां के राष्ट्रपति की इच्छा पर निर्भर रहेगा। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने का एक ही रास्ता है- भारत को साहस दिखाना होगा और इस समझौते को रोक देना चाहिए। रमेश ने दावा किया कि यह समझौता जैसी स्थिति में है, उससे देशभर के लाखों किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### उपराज्यपाल ने डीपीएसआरयू के 8वें दीक्षांत समारोह का किया उद्घाटन

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को विज्ञान भवन में आयोजित दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) के 8वें दीक्षांत समारोह का उद्घाटन किया। समारोह के दौरान पीएच.डी., एम.फार्मा, एमबीए, बी.फार्मा और अन्य संबद्ध पाठ्यक्रमों के छात्रों को उपाधियां प्रदान की गईं।उपराज्यपाल सक्सेना ने समारोह में छात्रों को स्वास्थ्य सेवा और अनुसंधान के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन्हें विश्वविद्यालय की 2025 स्नातक कक्षा के छात्रों इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित होने पर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने छात्रों को उनके कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ता के लिए बधाई दी, जिससे उन्होंने अपनी शैक्षणिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण चरण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, छात्र और अभिभावक भी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने छात्रों की उपलब्धियों पर उनकी सराहना की।

### पुडुचेरी में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव आयोग अधिकारियों की बैठक, मतदाता सूची सुधार पर चर्चा

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अगुवाई में बुधवार को पुडुचेरी में चुनाव आयोग के अधिकारियों की टीम ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक की। जिसमें राजनीतिक दलों ने मतदान केंद्रों पर सुविधाएं और पहुंच बेहतर करने, चुनाव में धनबल और मुफ्त वितरण पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने जैसी तमाम मांगें रखीं। चुनाव आयोग की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी, पुडुचेरी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और आयोग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय दलों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रतिनिधियों ने बैठक में हिस्सा लिया। जबकि स्थानीय दलों में अखिल भारत अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईडीएमके), ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में राजनीतिक दलों ने पुडुचेरी में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए आयोग की सराहना की। इन दलों ने मतदान केंद्रों पर सुविधाएं और पहुंच बेहतर करने के सुझाव दिए। राजनीतिक दलों ने चुनावों में धनबल और मुफ्त वितरण पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की। इसके अलावा, सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए भी प्रभावी उपाय करने की अपील की।

### रामदेव संबंधी व्यक्तित्व कंटेंट के सोशल मीडिया में इस्तेमाल पर हाई कोर्ट की रोक

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बाबा रामदेव के नाम, फोटो, आवाज और व्यक्तित्व से जुड़े दूसरे कंटेंट का बिना अनुमति इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। जस्टिस ज्योति सिंह की पीठ ने बिना अनुमति वाले कंटेंट को सभी प्लेटफार्म्स से 72 घंटे के अंदर हटाने का आदेश दिया है। इस मामले पर अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि बाबा रामदेव से जुड़े पैरोडी, व्यंग्य, राजनीतिक कमेंट और फैक्ट चेक को हटाने का आदेश नहीं दिया गया है। बाबा रामदेव ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर एआई और डीपफेक के जरिये ऑनलाइन कंटेंट पर रोक की मांग की है। सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव की ओर से कहा गया कि ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बाबा रामदेव से जुड़े कंटेंट का दुरुपयोग किया जा रहा है। सुनवाई के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्म की ओर से कहा गया था कि व्यक्तित्व से जुड़े अधिकारों की रक्षा के लिए दायर इस याचिका के जरिये बाबा रामदेव पैरोडी, व्यंग्य, राजनीतिक कमेंट , न्यूज रिपोर्ट और फैक्ट चेक को भी हटवाना चाहते हैं। अगर ऐसा होता है, तो ये नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन होगा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म की ओर से कहा गया था कि बाबा रामदेव अपनी याचिका में उस वीडियो को हटाने की मांग कर रहे हैं, जिसमें वे हाथी पर चढ़े हैं। वे उस वीडियो को हटाने की मांग कर रहे हैं, जिसमें उन्हें एक एलोपैथी डॉक्टर के पास इलाज के लिए पड़ा हुआ दिखाया जा रहा है। वे पेट्रोल की कीमतों पर उनके पहले के बयानों को हटवाना चाहते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म ने कहा कि ऐसी अभिव्यक्ति की सुरक्षा कानून के जरिये मिली हुई है। इसके पहले उच्च न्यायालय ने संगीतकार जुबिन नौटियाल, अभिनेत्री काजोल, अभिनेता विवेक ओबेरॉय, आंध्रप्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण, पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर, फिल्म अभिनेता सलमान खान, अभिनेता अजय देवगन, अभिनेत्री और सांसद जया बच्चन, पत्रकार सुधीर चौधरी, आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर, तेलुगु अभिनेता नागार्जुन, अभिनेत्री ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और फिल्म प्रोड्यूसर करण जौहर के व्यक्तित्व से जुड़ी किसी बात का बिना अनुमति इस्तेमाल नहीं करने का आदेश दिया था।

### विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन पर रोक मामले में डीयू, दिल्ली पुलिस व केंद्र को नोटिस

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में एक महीने तक सभी प्रकार के प्रदर्शनों पर रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली पुलिस और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस जसमीत सिंह की पीठ ने इस मामले को जनहित याचिका सुनने वाली पीठ को रेफर कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 10 मार्च को होगी। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली पीठ जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करती है। दिल्ली विश्वविद्यालय की लॉ फैकल्टी के छात्र उदय भदौरिया ने दायर याचिका में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर के 17 फरवरी के उस नोटिस को चुनौती दी है, जिसमें सार्वजनिक सभाओं, जुलूस प्रदर्शन या पांच व्यक्तियों के जुटने पर दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में रोक लगा दी गई है। ये नोटिस यूजीसी के इक्विटी गाइडलाइंस के आने के बाद विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के समूहों के बीच झड़पों की खबरें आने के बाद जारी की गई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय की इस नोटिस के बाद किरोड़ीमल कॉलेज और दयाल सिंह कॉलेज ने अपने परिसर में सख्त रुख अपनाते हुए आदेश का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के अलावा निलंबन और निष्कासन की चेतावनी दी है। दोनों कॉलेजों ने अपने छात्रों और स्टाफ को इस संबंध में कोई भी कंटेंट सोशल मीडिया पर अपलोड नहीं करने को कहा है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली विश्वविद्यालय का ये नोटिस संविधान के अनुच्छेद 14 और 19 का उल्लंघन करता है। ये नोटिस अकादमिक विमर्श को खत्म कर सकता है।

### इस्पात क्षेत्र के दिग्गज जतिंदर मेहरा का 86 साल की उम्र में निधन

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** देश के इस्पात और धातु उद्योग के जतिंदर मेहरा का 24 फरवरी को निधन हो गया। वह 86 साल के थे। वह भारत के इस्पात उद्योग के सम्मानित दिग्गज थे, जिनकी दूरदृष्टि ने एस्सार समूह की कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को दिशा दी। एस्सार समूह ने बुधवार को 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, ''एस्सार परिवार, जतिंदर मेहरा जी के निधन से बेहद दुखी है। मेहरा एस्सार समूह के धातु एवं खनन प्रभाग में वाइस चेयरमैन के पद पर कार्यरत थे, जहां उन्होंने समूह के धातु एवं खनन व्यवसायों को रणनीतिक दिशा प्रदान की। समूह ने कहा कि मेहरा ने कई परिवर्तनकारी परियोजनाओं का नेतृत्व किया, विचारों को मूर्त रूप दिया। उन्होंने अपनी स्पष्ट सोच, प्रतिबद्धता एवं नेतृत्व से दलों को प्रेरित किया। कंपनी ने बताया कि एस्सार समूह में अपने कार्यकाल के दौरान मेहरा ने हजीरा में इस्पात उत्पादन क्षमता के विस्तार और ओडिशा में प्रस्तावित पारादीप इस्पात संयंत्र सहित एकीकृत इस्पात परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व ने वैश्विक इस्पात क्षेत्र में समूह की उपस्थिति मजबूत करने में योगदान दिया। एस्सार से पहले मेहरा ने सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उद्योग में कई वरिष्ठ पदों पर कार्य किया।

# कांग्रेस ने मोदी और एपस्टीन के बीच संबंधों की क्रोनोलॉजी पेश की

लोकतंत्र की शान, संवाददाता जीशान अली



**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के बीच संबंधों की क्रोनोलॉजी पेश करते हुए कहा है कि भारत के महत्वपूर्ण फैसले विदेशी लॉबी और बिचौलियों के इशारे पर लिए जा रहे हैं। पार्टी ने दावा किया कि वर्ष 2014 के बाद पश्चिम एशिया को लेकर भारत की पुरानी विदेश नीति की दिशा अमेरिका-इजराइल लॉबी के प्रभाव में बदल गई है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और एपस्टीन जैसे लोग पीएम मोदी को एक रोबोट की तरह देखते हैं। उन्होंने कहा कि एपस्टीन फाइल्स से यह खुलासा होता है कि अमेरिकी-इजरायली लॉबी के दबाव में भारत की दशकों पुरानी संतुलित दो राष्ट्र समाधान की विदेश नीति को बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे हालात में इजराइल गए हैं जब अमेरिका कभी भी भारत के पुराने साथी ईरान पर हमला कर सकता है। इससे पहले ही वे ट्रंप की धमकियों से डरकर ईरान और रूस से तेल आयात करना बंद कर चुके हैं। खेड़ा ने मोदी सरकार में एपस्टीन के दखल को पुख्ता तरीके से उजागर करते हुए 2017 की कुछ महत्वपूर्ण ईमेल्स का विवरण पेश किया। उन्होंने कहा कि 4 जनवरी 2017 को हरदीप सिंह पुरी ने एपस्टीन को मिलने के लिए मेल भेजा। फरवरी 2017 में एपस्टीन ने अनिल अंबानी का परिचय इजरायल के पूर्व पीएम एहुद बराक से करवाया। मार्च 2017 में अनिल अंबानी ने एपस्टीन से अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग को लेकर सलाह मांगी, जिसके बदले में भारत का पूरा बाजार देने की बात कही गई। इसके बाद एपस्टीन ने एहुद बराक को मेल कर पूछा कि अमेरिका के रक्षा मामलों में भारत की क्या भूमिका हो सकती है? खेड़ा ने पूछा कि अंबानी किसके कहने पर एपस्टीन से यह बातचीत कर रहे थे। खेड़ा ने आगे कहा कि 15-18 मई 2017 को फिलिस्तीन के राष्ट्राध्यक्ष महमूद अब्बास भारत आए। यह अमेरिका, एपस्टीन, नेतन्याहू और एहुद बराक को पसंद नहीं आया। इस पर एपस्टीन ने हरदीप पुरी से नाराजगी जताई। इसके बाद 25-26 जून 2017 को मोदी अमेरिका गए, फिर 4-6 जुलाई 2017 को इजराइल गए लेकिन फिलिस्तीन नहीं गए। 6 जुलाई 2017 को एपस्टीन ने कतर के बिजनेसमैन जाबोर वाई को लिखा कि 'भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने सलाह मानी और अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए इजराइल में नृत्य और गायन किया। यह कारगर साबित हुआ'। खेड़ा ने बताया कि 29 मार्च 2017 की एपस्टीन की एक ईमेल के मुताबिक पीएम मोदी की पूरी अमेरिका और इजराइल यात्रा 'इजराइल स्ट्रेटजी' को आगे बढ़ाने के लिए थी। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि भारत की विदेश नीति तय करने में भारतीय विदेश मंत्रालय और राजदूतों की कोई भूमिका नहीं थी।

## लक्ष्मीप्रिया देवी की फिल्म 'बूंग' को BAFTA 2026 में सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म का पुरस्कार

लोकतंत्र की शान,विनोद कुमार सिंह
स्वतंत्र पत्रकार



**नई दिल्ली:** भारत की फिल्म निर्माता लक्ष्मीप्रिया देवी की फिल्म 'बूंग' ने BAFTA फिल्म अवॉर्ड्स 2026 में बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली फिल्म का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतकर भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (NFDC) ने लक्ष्मीप्रिया देवी और फिल्म की पूरी टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है।यह उपलब्धि भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का क्षण है और भारत की विविध तथा सार्थक कहानी कहने की परंपरा को वैश्विक स्तर पर मिल रही बढ़ती पहचान को दर्शाती है। बूंग को भारत के फिल्म विकास और फिल्मोत्सव पारिस्थितिकी तंत्र का सहयोग प्राप्त हुआ था। फिल्म को 2023 में फिल्म बाज़ार के वर्क इन प्रोग्रेस लैब और फिल्म बाज़ार रिकमेंड्स में क्यूरेट किया गया था, जिससे वैश्विक उद्योग से जुड़ाव संभव हुआ। इसके बाद 2024 में 55वें अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में फिल्म को सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक श्रेणी में चयनित किया गया था। भारत सरकार और NFDC ने फिल्म बाज़ार और IFFI जैसे प्लेटफॉर्म को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है, ताकि भारतीय फिल्म निर्माताओं को वैश्विक मंच पर अवसर मिल सकें और भारतीय सिनेमा की अंतरराष्ट्रीय पहुंच और रचनात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा मिल सके।

## एपीजे स्कूल विवाद और नॉर्थ ईस्ट छात्राओं के मामले पर आआपा का सरकार पर हमला

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी और एपीजे स्कूल से जुड़े विवाद को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को दिल्ली सरकार और मीडिया पर तीखा हमला बोला। सौरभ भारद्वाज ने पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावकों ने टाइम्स ऑफ इंडिया को कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें अखबार पर एकतरफा, अप्रमाणित और भ्रामक खबर प्रकाशित करने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अभिभावको ने नोटिस में आरोप लगाया गया है कि अखबार ने स्कूल प्रबंधन और शिक्षा मंत्री का पक्ष तो छापा, लेकिन प्रभावित अभिभावकों से संपर्क तक नहीं किया। अभिभावकों का दावा है कि वे उच्च न्यायालय के 2020 के आदेश के अनुसार तय फीस चेक के माध्यम से जमा कर रहे थे, लेकिन स्कूल ने वे चेक स्वीकार नहीं किए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि फीस विवाद के कारण बच्चों को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड नहीं दिए गए। अभिभावक इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी पहुंचे, जहां 16 फरवरी को कथित रूप से बच्चों के पक्ष में आदेश दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि एपीजे स्कूल ने 2020 में फीस बढ़ोतरी के लिए शिक्षा विभाग के एक संविदा कर्मचारी के जरिए फर्जी ई-मेल से मंजूरी दिखाई थी। मामला जब दिल्ली उच्च न्यायालय पहुंचा तो न्यायालय ने स्कूल को फटकार लगाई और मुख्य सचिव को एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया था। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि कई निजी स्कूल अलग-अलग मदों में मनमानी फीस वसूल रहे हैं। काउंसलिंग फीस, बिल्डिंग फंड, अनिवार्य रूप से स्कूल से किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने की शर्त, एसी शुल्क आदि। उन्होंने कहा कि एक बार बच्चे का दाखिला हो जाए तो अभिभावक 14 साल तक बंधुआ बन जाते हैं। दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश की छात्राओं से कथित दुर्व्यवहार के मामले में उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गैर-जमानती धाराओं में केस दर्ज होने के बावजूद आरोपित को तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया। सुल्तानपुरी फ्लाईओवर में 18 साल की देरी का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने एलजी विनय कुमार सक्सेना पर तंज कसा। साथ ही एमसीडी पर आवारा गायों और मृत बछड़ों के मामले में लापरवाही का आरोप लगाया। अंत में आआपा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अभिभावकों की कानूनी लड़ाई जारी रहेगी और सरकार व स्कूल प्रबंधन की "मिलीभगत" को अदालत में चुनौती दी जाएगी।

## विरोध-प्रदर्शन मामले में अलका लांबा की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2024 में निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के मामले में कांग्रेस नेता अलका लांबा के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 3 सितंबर को होगी। याचिका में अलका लांबा की ओर से कहा गया है कि इस मामले में शांतिपूर्ण प्रदर्शन को अति आपराधिक बनाकर पेश किया गया है। अगर शांतिपूर्ण प्रदर्शन को अपराध बताया जाएगा तो न्याय नहीं मिल सकेगा। राऊज एवेन्यू सेशंस कोर्ट ने 6 फरवरी को अलका लांबा के खिलाफ मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से आरोप तय करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट के मजिस्ट्रेट ने 19 दिसंबर 2025 को अलका लांबा के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। फिलहाल मजिस्ट्रेट कोर्ट में इस मामले पर अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कहा था कि अलका लांबा को वीडियो में देखा गया कि वो बलपूर्वक लोकसेवक को उसके काम में बाधा पहुंचा रही थीं। वे बैरिकेड पार कर प्रदर्शनकारियों को उकसा रही थीं। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अलका लांबा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 221 और 223ए के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। मामला 29 जुलाई 2024 को जंतर-मंतर पर महिला कांग्रेस का महिला आरक्षण को लेकर प्रदर्शन था। उस प्रदर्शन में मुख्य वक्ता अलका लांबा थीं। दिल्ली पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा का आदेश जारी किया था। अलका लांबा पर आरोप है कि उन्होंने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए करीब डेढ़ बजे दूसरे प्रदर्शनकारियों के साथ टालस्टाय मार्ग पर लगे बैरिकेड पर पहुंचीं और नारेबाजी करने लगीं। वे संसद का घेराव करने पर आमदा थे। मौके पर मौजूद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने लाउडस्पीकर से निषेधाज्ञा के बारे में प्रदर्शनकारियों को जानकारी दी और प्रदर्शन खत्म करने की चेतावनी दी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक अलका लांबा और उनके समर्थकों ने महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों को धक्का देकर बैरिकेड को पार किया और कुछ प्रदर्शनकारियों ने संसद मार्ग रोड को जाम कर दिया। पुलिस के काफी समझाने के बाद भी अलका लांबा और दूसरे समर्थक वहां से नहीं हटे जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर दिया। उसके बाद सब-इंस्पेक्टर अनीता सिंह के बयान पर अलका लांबा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी।

## "विभाजन पर अभी लिखा जाना बाकी है" : अदिति महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन वक्ताओं ने रखे गहरे विचार

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** भारत विभाजन की त्रासदी को साहित्य के आईने में देखने की कोशिश जारी है। अदिति महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी "भारत विभाजन की साहित्यिक अभिव्यक्ति" के दूसरे दिन आज विचारों का सरगम बंधा।आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित इस संगोष्ठी में देश के जाने-माने विद्वानों ने विभाजन की उस पीड़ा को शब्द दिए, जो आज भी बस्ते की आग में जलती महसूस होती है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सरस्वती वंदना और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। माहौल को और संगीतमय बना दिया पूनम मटिया ने अपनी कविता "भारत की लोक मंगल, साधना साकार हो" से किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीलम राठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कल के कार्यक्रम की झलकियाँ साझा कीं और आज के सत्र की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रो. सोमा बंद्योपाध्याय कुलपति, बाबासाहेब आंबेडकर एजुकेशन यूनिवर्सिटी, कलकत्ता विश्वविद्यालय ने कहा, "जिस देश के आकाश में शांति के बादलों का मेला बजता था, वहीं आज भी विभाजन की त्रासदी हमें सोचने पर मजबूर करती है। उन्होंने 1905 के बंगभंग से लेकर 1971 के मुक्ति युद्ध तक के इतिहास को रेखांकित किया और बताया कि कैसे इस विभाजन ने महिलाओं को दोहरे शोषण का शिकार बनाया। वहीं प्रो. मज़हर आसिफ़ कुलपति, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में भाषा, बोली और संस्कृति के अंतर को समझाते हुए कहा कि इक़बाल की शायरी बंटवारे के पहले और बाद में कैसे बदल गई, यह अपने आप में एक शोध है। प्रो. महेशचंद शर्मा अध्यक्ष, एकात्म मानवदर्शन अनुसंधान एवं विकास संस्थान ने कहा कि विभाजन पर अभी लिखा जाना बाकी है, अभी वह पूरी तरह सामने नहीं आया। उन्होंने 1909 के पृथक इलेक्ट्रोल से लेकर मोतीलाल नेहरू रिपोर्ट तक का सफर दिखाया। श्रीधर पराड़कर साहित्यकार एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के संरक्षक ने कहा कि भारत विभाजन को केवल ऐतिहासिक घटना नहीं बल्कि गहरी मानवीय त्रासदी के रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही ज्योति जला निज प्राण की, "देश बाँट गया" और "विभाजित" जैसी पुस्तकों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि साहित्य विभाजन की सच्चाइयों और मानवीय संवेदनाओं को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

## SATTE 2026 से पहले टूरिज्म मलेशिया ने भारत के साथ पर्यटन सहयोग को किया सशक्त

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली :** टूरिज्म मलेशिया ने SATTE 2026 से पहले आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय आउटबाउंड बाजार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम को टूरिज्म मलेशिया के चेयरमैन दातुक मनोहरन पेरियासामी और भारत में मलेशिया के हाई कमिश्नर दातो मुजफ्फर शाह मुस्तफा ने संबोधित किया, जिसमें ट्रैवल ट्रेड, एयरलाइन प्रतिनिधि, पर्यटन हितधारक और मीडिया शामिल रहे। टूरिज्म मलेशिया के अनुसार 2025 में देश में 42.2 मिलियन अंतरराष्ट्रीय पर्यटक पहुंचे, जिनमें भारत से 1.6 मिलियन से अधिक पर्यटक शामिल थे। वक्ताओं ने कहा कि लेज़र, MICE, वेडिंग और प्रीमियम ट्रैवल सेगमेंट में भारतीय बाजार की महत्वपूर्ण भूमिका है। दोनों देशों के बीच प्रति सप्ताह 240 से अधिक उड़ानें और भारतीय नागरिकों के लिए वीज़ा-फ्री प्रवेश से पर्यटन संपर्क और सुदृढ़ हुआ है। टूरिज्म मलेशिया ने विजिट मलेशिया ईयर 2026 अभियान के तहत भारत के साथ सहयोग और विस्तार की प्रतिबद्धता जताई। भारतीय बाजार को प्राथमिकता देते हुए नई साझेदारियां।



## जयपुर से संचालित "डिजिटल अरेस्ट" रैकेट का पर्दाफाश, साइबर थाना दक्षिण-पश्चिम जिला की बड़ी कार्रवाई

### तीन साइबर ठग गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान

वरिष्ठ नागरिक को "डिजिटल अरेस्ट" के नाम पर ठगा गया 1 लाख नकद, 9 मोबाइल फोन व 10 पासबुक/चेकबुक बरामद शिकायतकर्ता से 16 लाख की ठगी साइबर थाना, दक्षिण-पश्चिम जिला की समर्पित टीम ने लगातार तकनीकी निगरानी और फील्ड ऑपरेशन के बाद तीन कुख्यात साइबर ठगों— राकेश मीणा (उम्र 25 वर्ष),छोटू लाल मीणा (उम्र 20 वर्ष)

योगेंद्र गुज्जर (उम्र 19 वर्ष),को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख नकद, 9 मोबाइल फोन तथा 10 पासबुक/चेकबुक बरामद किए गए हैं।

**घटना का विवरण:** दिनांक 07.12.2025 को साइबर थाना, दक्षिण-पश्चिम जिला में ई-एफआईआर संख्या 110/2025, धारा 318(2)/319/308/340/61(2)/3(5) बीएनएस के तहत एक 75 वर्षीय महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें एक व्हाट्सऐप कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कॉल करने वाले ने स्वयं को सीबीआई इंस्पेक्टर बताकर उनके बेटे को एक फर्जी आपराधिक मामले में फंसाने की बात कही। उन्हें दो दिनों तक तथाकथित "डिजिटल अरेस्ट" में रखकर लगातार वीडियो निगरानी और मानसिक दबाव बनाया गया। भय और दबाव में आकर उन्होंने ठगों द्वारा बताए गए खातों में 16 लाख ट्रांसफर कर दिए।

**की गई जांच:** मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआई चेतन राणा, एचसी मनेंदर और एचसी विजयपाल की एक विशेष टीम का गठन किया गया, जो निरीक्षक प्रवेश कौशिक, SHO/PS Cyber, दक्षिण-पश्चिम जिला के पर्यवेक्षण तथा श्री विजय कुमार, एसीपी/ऑप्स दक्षिण-पश्चिम जिला के समग्र मार्गदर्शन में कार्यरत रही। टीम ने तकनीकी निगरानी, डिजिटल फुटप्रिंट विश्लेषण, सिम ट्रैकिंग, सोशल मीडिया विश्लेषण और मनी ट्रेल की गहन जांच की।जांच के दौरान पता चला कि जयपुर, राजस्थान से संचालित एक सिंडिकेट कोटपूतली, राजस्थान से 'म्यूल बैंक खाते' (फर्जी/किराए के खाते) जुटाकर ठगी की रकम पार्क करता था। वित्तीय विश्लेषण के आधार पर कोटपूतली निवासी एजेंट योगेंद्र गुज्जर की पहचान हुई। कोटपूतली, राजस्थान में छापेमारी कर योगेंद्र गुज्जर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह अशिक्षित स्थानीय लोगों से बैंक खाते लेकर सह-आरोपी छोटू लाल मीणा को देता था, जो उन्हें मुख्य संचालक राकेश मीणा (जयपुर) तक पहुंचाता था। खातों की जानकारी इंस्टाग्राम व अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से साझा की जाती थी। पहले खातों को टेस्ट किया जाता था, उसके बाद ठगी की रकम प्राप्त करने में उपयोग किया जाता था। तकनीकी साक्ष्यों और खुलासों के आधार पर सांगानेर, जयपुर (राजस्थान) के प्रताप नगर स्थित किराए के मकान पर छापेमारी कर राकेश मीणा और छोटू लाल मीणा को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान 1 लाख नकद, अपराध में प्रयुक्त 9 मोबाइल फोन तथा 10 विभिन्न म्यूल खातों की पासबुक/चेकबुक बरामद की गईं। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी कंबोडिया स्थित साइबर ठगों को कई म्यूल खाते उपलब्ध करा रहे थे तथा राजस्थान के विभिन्न एजेंटों के माध्यम से ऐसे खाते जुटा रहे थे। इन खातों का उपयोग डिजिटल अरेस्ट घोटाले, निवेश धोखाधड़ी और अन्य साइबर अपराधों में किया जा रहा था।




**कार्यप्रणाली (Modus Operandi):** आरोपी राजस्थान में म्यूल बैंक खातों की व्यवस्था और प्रबंधन करते थे, जिन्हें कंबोडिया में बैठे साइबर ठग भारतीय नागरिकों को निशाना बनाने के लिए उपयोग करते थे। मुख्य सरगना राकेश मीणा अपने सहयोगियों छोटू लाल मीणा और योगेंद्र गुज्जर के माध्यम से म्यूल खाते जुटाता था। इन खातों की जानकारी टेलीग्राम व अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए अंतरराष्ट्रीय ठगों को दी जाती थी। ठगी की रकम इन खातों में जमा होती थी, जिसे एटीएम या चेक के माध्यम से निकालकर अंतरराष्ट्रीय संचालकों के निर्देशानुसार अन्य खातों में स्थानांतरित कर दिया जाता था, ताकि धन के स्रोत को छिपाया जा सके।

**गिरफ्तार व्यक्तियों का विवरण:** योगेंद्र गुज्जर, निवासी ग्राम मालपुरा, कोटपूतली, राजस्थान, उम्र 19 वर्ष छोटू लाल मीणा, निवासी गणेश नगर, प्रताप नगर, जयपुर, राजस्थान, उम्र 20 वर्ष राकेश मीणा, निवासी सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, उम्र 25 वर्ष

**बरामदगी:** 1,00,000/- नकद,9 मोबाइल फोन, 10 पासबुक/चेकबुक

**सुलझाया गया मामला:** ई-एफआईआर संख्या 110/2025, धारा 318(2)/340/319/308/61(2)/3(5) बीएनएस, साइबर थाना दक्षिण-पश्चिम जिला मामले की आगे की जांच जारी है। (अमित गोयल), आईपीएस,उप पुलिस आयुक्त दक्षिण-पपश्चिम जिला, नई दिल्ली

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत में अधिकारियों के न पहुंचने पर भड़के किसान, लगाया जाम

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुर** : बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने अमरोहा हसनपुर मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया, बताते चले की किसान संगठन द्वारा यह कदम अपनी समस्याओं की अंदेखी और अधिकारियों की बेरुखी के कारण उठाया गया, बता ते चले कि बुधवार को तहसील भवन के निकट आयोजित किसान पंचायत में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा जिससे किसानों का गुस्सा भड़क उठा इसके बाद उन्होंने हसनपुर अतराशी मार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जाम के कारण दोनों और वाहनों की लंबी लाइने लग गई जिससे राहगीर और यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा, किसानों ने लगभग 1 घंटे तक सड़क पर जाम लगाया इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्या को लेकर पहले एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया था लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई, किसानों ने पंचायत में किसी भी अधिकारी के नहीं आने को अपना अपमान बताया वही हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए तथा उनके साथ चीनी मिल के सीसीओ और नायब तहसीलदार हसनपुर भी मौजूद रहे, अधिकारियों ने किसानों की मांगों को सुना और उनके शीघ्र समाधान का ठोस आश्वासन दिया, अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद किसान शांत हुए और उन्होंने जाम खोल दिया, इस मौके पर महेश ठाकुर, रणवीर फौजी, रोहतास सिंह, राजपाल सिंह, शीशपाल सिंह, सीता आर्य, और संजीव कुमार आदि सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे 1



### सीएम योगी का जापान दौरा : टोक्यो में आयोजित निवेश रोड शो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान के उद्यमियों को दिया यूपी में निवेश का न्योता

**टोक्यो/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दुनिया के बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर के बाद जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। यहां आयोजित वृहद यूपी निवेश रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां के उद्योगपतियों और निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए भारत का सबसे बेहतर राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यूपी में निवेश के माध्यम से भारत-जापान औद्योगिक सहयोग भविष्य में और मजबूत होगा।

**भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक संबंध**-जापान को 'लैंड ऑफ द सनराइज' बताते हुए सीएम योगी ने कहा कि इस पावन धरा को नमन करता हूं। उत्तर प्रदेश सूर्यवंश के राजा भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली है। यही नहीं, भगवान बुद्ध की पावन कर्मभूमि भी उत्तर प्रदेश ही है। भगवान बुद्ध से जुड़े विश्व के सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, श्रावस्ती, कुशीनगर, कौशांबी, सहित अनेक पवित्र स्थल उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में रामायण सर्किट एवं बौद्ध सर्किट को प्रभावी ढंग से विकसित किया जा रहा है, जिससे स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई गति मिली है। जब भगवान राम और भगवान बुद्ध की बात होती है, तो यह सूर्यवंश की उस महान परंपरा से जुड़ती है, जिसकी प्रथम किरण का उदय जापान की धरती पर होता है। इसी सांस्कृतिक आत्मीयता के साथ मैं आप सभी का स्वागत करता हूं।

**निवेशकों के लिए यूपी बड़ा बाजार**-मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। जितनी बड़ी आबादी है, उतनी ही बड़ी चुनौतियां हैं और उतनी ही विशाल संभावनाएं भी हैं। पिछले नौ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय लगभग तीन गुना बढ़ी है। जो राज्य कभी बीमारू कहा जाता था, वह आज भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने बताया कि देश की केवल 11 प्रतिशत कृषि भूमि होने के बावजूद उत्तर प्रदेश देश का करीब 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन करता है। इससे फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और एग्री लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में बड़े निवेश के अवसर हैं।

### ब्राइटपाथ कॉमर्स अकादमी के छात्र देवांश महेंद्र बने CS Executive पास, नजीबाबाद का नाम रोशन

**लोक तंत्र की शानः (खिजर अहमद)**ः दी इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया (नई दिल्ली) द्वारा आयोजित (सीएस-एक्जीक्यूटिव दिसम्बर-2025) का रिजल्ट घोषित किया गया जिसमें ब्राइटपाथ कॉमर्स अकादमी के छात्र देवांश महेंद्रा ने सीएस एक्जीक्यूटिव लेवल को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर नजीबाबाद नगर का नाम रोशन किया | इस मौके पर ब्राइटपाथ कॉमर्स अकादमी के संचालक श्री निखिल शर्मा ने छात्र की भव्य सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही बताया कि कंपनी सचिव एक प्रोफेशनल कोर्स है और जिसकी डिमांड भारतीय कंपनियों के साथ साथ विदेशी कंपनियों में भी होती है। साथ ही सीएस भारतीय वित्त मंत्रालय के अधीन संस्थान है जो संसद से पास स्पेशल कानून के अंतर्गत आता है । सीएस कोर्स में मुख्यतः तीन लेवल होते है। जिसमें सीएसईईटी, एक्जीक्यूटिव, प्रोफेशनल लेवल होते है जिनको क्वालीफाई करके एक छात्र कंपनी सचिव बनता है। सीएस के कुछ मुख्य कार्य जैसे सेकेट्रियल ऑडिट, कंपनी लॉ गवर्नेंस, लॉ एनालिसिस, बोर्ड को कानूनी सलाह देना, इंटरनल ऑडिट , सलाहना एजीएम मीटिंग अरेंज करने,कंप्लायंस ऑडिट, रिपोर्टिंग, कंपनी रजिस्ट्रेशन आदि प्रमुख कार्य होते है। उन्होंने बताया कि सीएस की तैयारी कक्षा 11 से की जा सकती है छात्रों को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए ये कंपनी सचिव प्रोफेशनल कोर्स करना चाहिए ।इस खुशी के मौके पर छात्र के अभिभावक एवं अन्य छात्र उपस्थित रहे।



# आर्य समाज मंदिर में नवनिर्मित यज्ञशाला का विधायक ने किया उद्घाटन

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** बुधवार को नगर के आर्य समाज मंदिर में नवनिर्मित यज्ञशाला का विधायक एवं आर्य समाज के लोगों ने शुभारंभ किया, इस मौके पर सर्वप्रथम यज्ञशाला में यज्ञ आयोजित कर उसमें आहुतियां डाली गई, इसके उपरांत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी का आर्य समाज के लोगों ने फूल माला पहनाकर एवं पटका पहनकर स्वागत किया, इस मौके पर आर्य समाज की महिलाओं द्वारा अतिथियो के सम्मान में स्वागत गीत गाया गया, वही विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने आर्य समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सहाना की, वहीं उन्होंने बोलते हुए कहा कि बहुत समय बाद ऐसा समय आया है कि जब आर्य समाज मंदिर में यज्ञशाला का निर्माण हुआ है अपने भाषण में उन्होंने सभी आर्य समाजियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आर्य समाज द्वारा जब-जब मुझे पुकारा जाएगा मैं तन मन धन से समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों में अपना पूरा योगदान दूंगा, वही इस मौके पर सह भोज का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन नन्हे सिंह आर्य ने किया, इस मौके पर आर्य समाज के मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला आदि से आए वरिष्ठ आर्य समाज के लोग एवं नगर निवासी इंद्रपाल बजाज, दिनेश अग्रवाल, डॉक्टर शिव चरन दास अग्रवाल, रमेश चंद गोयल, अंकित गुप्ता, पुनीत अग्रवाल, संजय शर्मा, सनातन जागरण मंच के संयोजक दिनेश अग्रवाल जय भोले वाले, सत्यवती सक्सेना, मुकेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल बैंक वाले, अतुल शर्मा, अर्पण गुप्ता तथा भारी संख्या में आर्य समाज की महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे 1

## वार्ड 26 में विकास की तेज़ रफ़्तारः जनसेवा की मिसाल बने मुदब्बिर अली चौधरी

लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी

**संभल।** वार्ड नंबर 26 शाहवाज पूरे में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे मुदब्बिर अली चौधरी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे ज़मीनी स्तर पर जनता के बीच रहकर काम करने वाले जनप्रतिनिधि हैं। उनके साथ सदस्य इमरान रसूल मुन्ने भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को बारीकी से परखा और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड की जनता की सुविधाएँ उनकी पहली प्राथमिकता हैं और क्षेत्र के हर घर तक विकास पहुँचाना उनका संकल्प है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ज़िला संभल के सक्रिय और लोकप्रिय चेहरे के रूप में उभर रहे मुदब्बिर अली चौधरी की कार्यशैली को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया। क्षेत्रवासियों ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में वार्ड 26 विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। सड़क निर्माण कार्य को लेकर जनता में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि वे सिर्फ वादे नहीं करते, बल्कि उन्हें ज़मीन पर उतरकर पूरा भी करते हैं। वार्ड 26 में तेज़ी से हो रहे विकास कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि जनसेवा ही उनकी असली पहचान है।



## टोक्यो में उमड़ा अपनापन, प्रवासी भारतीयों ने किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जोरदार स्वागत

लोक तंत्र की शान




**टोक्यो/लखनऊ।** टोक्यो में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भारतीय समुदाय के लोगों ने अत्यंत आत्मीयता के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर प्रवासी भारतीयों के चेहरे खिल उठे। उनके आगमन पर टोक्यो एयरपोर्ट का पूरा वातावरण उत्साह, आत्मीयता और गर्वित भाव से भरा दिखाई दिया। प्रवासी भारतीयों ने जिस गर्मजोशी और भावनात्मक जुड़ाव के साथ उनका स्वागत किया, वह केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि अपने देश-प्रदेश के प्रति गहरे लगाव का स्वाभाविक प्रदर्शन था। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले ही एयरपोर्ट के स्वागत स्थल पर पारंपरिक भारतीय परिधानों में सजे लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो चुके थे। अधिसंख्य महिलाओं ने सलवार सूट या साड़ी पहनी थी तो पुरुष कुर्ता-पायजामे में नजर आए। कई लोगों ने भगवा रंग के परिधान धारण कर अपने सांस्कृतिक जुड़ाव को अभिव्यक्त किया। एक बच्ची ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप मुख्यमंत्री के माथे पर तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। सीएम योगी को अपने बीच पाकर प्रवासी भारतीयों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा था। लोग मुख्यमंत्री की एक झलक पाने और उनके साथ तस्वीर लेने को आतुर दिखाई दिए। एक प्रवासी भारतीय ने मुख्यमंत्री को भारत-जापान के आध्यात्मिक संबंधों को दर्शाता एक विशेष पोस्टर भेंट किया, जिसमें दोनों देशों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक चिन्हों का उल्लेख था। एक अन्य महिला ने मुख्यमंत्री को हस्तनिर्मित पेंटिंग उपहार स्वरूप भेंट की, जो भावनात्मक सम्मान का प्रतीक बन गई।

# आम के पेड़ से लटका मिला 10 दिन से लापता युवक का शव

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** बुधवार को हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के कनेटा रोड पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब दिल्ली निवासी हाजी शाहिद के बाग में एक अज्ञात युवक का शव आम के पेड़ से लटका हुआ पाया गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। बुधवार दोपहर करीब 11 बजे बाग में काम कर रहे मजदूरों की नजर पेड़ पर लटकी लाश पर पड़ी। युवक का शव पेड़ पर करीब 10 फीट की ऊंचाई पर एक चुनरी के सहारे फंदे से झूल रहा था। मजदूरों ने तुरंत इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। वहीं घटना की सूचना पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम भी मौके पर पहुंच गई।शुरुआत में युवक की शिनाख्त नहीं हो पा रही थी, लेकिन करीब दो घंटे की मशक्कत और तलाशी के बाद युवक की जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए उसकी पहचान हुई। मृतक की जेब से एक मोबाइल फोन तथा दो टाफी बरामद हुई। मृतक की पहचान दिनेश (30 वर्ष), पुत्र नेमपाल, निवासी ग्राम बाईखेड़ा के रूप में की गई है। मौके पर युवक का एक कड़ा भी जमीन पर गिरा हुआ मिला। परिजनों ने बताया कि दिनेश करीब 10 दिन पहले हरियाणा में मजदूरी करने की बात कहकर घर से निकला था, जिसके बाद से वह लापता था। दिनेश अपने पीछे पत्नी रेनू और दो मासूम बेटियों रोही, रंजना को छोड़ गया है। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य और नमूने एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रोते बिलखते परिजन भी कोतवाली पहुंच गए। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।



# रंगोत्सव 2026ः नंदगांव के हुरियारों पर बरसाना में बरसीं प्रेम की लाठियां, परंपरा का उड़ा गुलाल

लोक तंत्र की शान



**मथुरा।** राधा रानी की नगरी बरसाना बुधवार को पूरी तरह से 'रंगोत्सव' के उल्लास में डूबी नजर आई। शाम करीब पांच बजे विश्व प्रसिद्ध लठामार होली खेली गई, जहां नंदगांव के हुरियारों पर बरसाने की हुरियारिनों ने प्रेम की लाठियां बरसाईं। छतों से लेकर सड़क तक हर कोना अबीर-गुलाल से सराबोर था और हर तरफ केवल राधा-कृष्ण के जयकारे गूंज रहे थे। योगी सरकार ने 'रंगोत्सव 2026' को भव्य रूप देते हुए कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अनूठी होली का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब बरसाना में उमड़ पड़ा।

**प्रिया कुंड पर दामाद सा सत्कार और श्रीजी से ली आज्ञा**-नंदगांव के हुरियारों के बरसाना पहुंचने पर प्रिया कुंड पर उनका भव्य स्वागत किया गया। बरसाना वासी कृष्ण के सखाओं को दामाद के रूप में देखते हैं, इसलिए उसी आत्मीय भाव से उन्हें मिठाई, पकोड़े, ठंडाई और भांग परोसी गई। इसके बाद हुरियारों ने अपनी पाग (पगड़ी) बांधी और ब्रह्मांचल पर्वत स्थित श्री लाडली किशोरी जी के मंदिर पहुंचकर राधा रानी से होली खेलने की अनुमति ली। इस अद्भुत क्षण को और भी दिव्य बनाने के लिए हेलीकॉप्टर से हुरियारों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई।

**रंगीली गली में गूंजे रसिया, 5000 साल पुरानी है परंपरा**-दर्शन के बाद शाम करीब चार बजे हुरियारे रंगीली गली पहुंचे। यहां ढोल-नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक ब्रज रसिया और होली गीत गाकर उन्होंने हुरियारिनों को रिझाया। इसके जवाब में महिलाओं ने मजाकिया अंदाज में उन पर लाठियों से वार किया, जिससे पुरुषों ने चमड़े की मजबूत ढाल से अपना बचाव किया। मान्यता है कि यह परंपरा 5000 साल पुरानी है, जब भगवान कृष्ण अपने सखाओं के साथ राधा रानी और उनकी सखियों को चिढ़ाने आए थे, तब सखियों ने उन्हें लाठियों से खदेड़ा था। ब्रज में होली बसंत पंचमी से शुरू होकर 45 दिनों तक चलती है। इसका सबसे मुख्य आकर्षण यह लठामार होली ही है।

## शिक्षकों ने टी.ई. टी. अनिवार्यता का विरोध काली पट्टी बांधकर किया

लोक तंत्र की शान, देवेंद्र सिंह

**सीतापुरः** वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा टी. ई.टी. अनिवार्यता लागू किए जाने के निर्णय के विरोध में देशभर के मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों ने आंदोलन तेज कर दिया। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश शर्मा के आह्वान पर प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन एक मंच पर आकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन के प्रथम चरण में 22 फरवरी 26 को अपनी मांग को लेकर इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैशटैग अभियान चलाया गया। अभियान पूरे देश में नंबर एक ट्रेड पर रहा। इसके बाद 23 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक शिक्षको ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते हुए विरोध जाता रहे हैं। प्रांतीय उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष सीतापुर रवींद्र दीक्षित ने बताया कि आंदोलन की रूपरेखा पहले से तय है जिसमें दिनांक 26 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर धरना देकर, दोपहर 2 बजे बीएसए कार्यालय से जिला अधिकारी कार्यालय तक सभी शिक्षक पैदल मार्च करते हुए जायेगे। जिला अधिकारी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। धरने में सभी शिक्षक 26 फरवरी 2026 को एक दिन का आकस्मिक अवकाश लेकर धरने में आएंगे । जिला मंत्री हंसराज वर्मा ने बताया कि इसके बाद भी सरकार ने कोई रास्ता नही निकला तो मार्च में देश की राजधानी में प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें देश भर के शिक्षक भाग लेंगे।



## ऑल इंडिया संपादक संघ का मनाया गया तृतीय स्थापना दिवस

लोक तंत्र की शान, देवेंद्र सिंह




**सीतापुर।** ऑल इंडिया संपादक संघ का तृतीय स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ कलेक्ट्रेट कचेहरी सीतापुर में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाअध्यक्ष सन्तोष कुमार राव के द्वारा की गई। ऑल इंडिया संपादक संघ के राष्ट्रीय सचिव सतीश आर्य ने उपस्थित पदाधिकारियों के साथ केक काटकर मनाया गया। पदाधिकारियों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर संघ का स्थापना दिवस मनाया। राष्ट्रीय सचिन ने कहा आल इंडिया संपादक संघ का विस्तार 27 राज्यों व 3 केंद्र शासित प्रदेशो में हो चुका है। आल इंडिया संघ का विस्तार बहुत तेजी के साथ पूरे देश में हो रहा है। राष्ट्रीय सचिव और आर्नव न्यूज संपादक सतीश आर्य ने कहा कि कवरेज के दौरान किसी भी पत्रकार साथी के साथ उसके ऊपर गलत तरीके से अभद्र भाषा व फर्जी तरीके से मुकदमे में फंसाने का काम करेगा तो उसे संघ मुंहतोड़ जवाब देने का ऑल इंडिया संपादक संघ के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की आए दिन हत्याएं हो रही हैं। उनके लिए कोई भी सुरक्षा व्यवस्था या कड़े कानून नहीं बनाए जा रहे है। जबकि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ माना जाता है। पत्रकार कवरेज के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर सर्दी, गर्मी, जाड़ा की परवाह किए बिना खबरें प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पाठकों तक पहुंचने का काम करता है। भारत सरकार के द्वारा अभी तक कोई ऐसी योजना भी नहीं चलाई है जिससे पत्रकारों को सुरक्षा हो सके। पत्रकार का निशुल्क बीमा ही किया जा सक। मार्ग दुर्घटना के दौरान मौतें होने पर पत्रकार के परिजनों को कोई भी आर्थिक सहायता राशि नहीं दी जाती है। जिससे परिवार का भरण पोषण हो सके। संघ के पदाधिकारियों के द्वारा समय-समय पर पत्रकारों के हितों के लिए पत्रों व ज्ञापनों के माध्यम से सरकार को अवगत कराया जाता रहता है। तृतीय स्थापना दिवस के मौके पर आल इंडिया संपादक संघ के जिला सचिव एस.के. तूफानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी.के. सिंह, जिला महामंत्री कुलदीप राठौर, जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार राज, जिला मंत्री अखिलेश गौतम, कार्यकारणी सदस्य देवेंद्र सिंह, पत्रकार नितिन कुमार, एडवोकेट सुशील कुमार, एडवोकेट बबलू कुमार, सहित तमाम पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## महिलाएं विकासशील भारत को विकसित भारत बनाने में विभिन्न क्षेत्रों में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका :अनुभा अग्रवाल

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा




**हसनपुरः** बुधवार को महाविद्यालय चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का उद्घाटन महाविद्यालय प्रबंधिका श्रीमती अनुभा अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बौनावाली डगरोली में किया, उन्होने निर्धारित विषय कौशल विकास हेतु युवा के तहत महिला सशक्तिकरण विषय पर विशेष जानकारी देते हुए कहा कि महिला केवल घर की नहीं, अपितु सशक्त राष्ट्र निर्माण की अति आवश्यक हिस्सा है 1 आज के युग में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है 1 संविधान में महिलाओं को कई अधिकार दिए गए हैं 1 आज महिलाएं विकासशील भारत को विकसित बनाने के लिए भिन्न-भिन्न क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रही हैं, महिलाएँ सरकार द्वारा चलाई गई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे 181, 1091, 112 की मदद ले सकती हैं 1 महिला सशक्तिकरण के बारे में समझाते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को सामाजिक आर्थिक राजनीतिक और शैक्षिक रूप से स्वतंत्र बनाकर निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है 1 कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने सभी स्वयंसेवियों को महिला सशक्तिकरण के अंतरगत अधिक से अधिक महिलाओं को घर-घर जाकर जानकारी देने के लिए प्रेरित किया 1 इस अवसर प्राचार्य डॉ राकेश आर्य, अतुल शर्मा ,मनोज कुमार शर्मा , लोकेश कुमार, विनोद गुप्ता , जूही त्यागी, अनुराधा, निशा, निगम, नेहा सागर, पायल, प्रियंका, प्रीति, सृष्टि, वर्षा, सरिता, नीलू सैनी, मोनिका, शीतल, सोनिया , काजल ,अक्षय, मीनू आदि सहित सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे 1

## संक्षिप्त समाचार

### भूतनाथ से मलाही पकड़ी के बीच चलेगी मेट्रो, कल ट्रायल रन, आम लोग नहीं कर पाएंगे गुरुवार को सफर

**पटना।** पटना मेट्रो अब भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक जाएगी। कल पटना मेट्रो का ट्रायल रन है। इस कारण कल पटनावासी पटना मेट्रो से यात्रा नहीं कर पाएंगे। इस बात की जानकारी पटना मेट्रो रेल निगम लिमिटेड की तरफ से दी गई है। नए सेक्शन को यात्रियों के लिए खोलने से पहले यह ट्रायल रन जरूरी है। इसमें ट्रेन की गति, आपातकालीन ब्रेक सिस्टम और स्टेशनों के बीच तालमेल का परीक्षण किया जाएगा। पटना मेट्रो ने जानकारी देते हुए कहा कि पटना मेट्रो रेल निगम लिमिटेड द्वारा यात्रियों को सूचित किया जाता है कि भूतनाथ स्टेशन से मलाही पकड़ी स्टेशन सेक्शन के आगामी उद्घाटन की तैयारी के लिए 26 फरवरी को मेट्रो ट्रेन का महत्वपूर्ण ट्रायल रन किया जाएगा। इस कारण, 26 फरवरी को मेट्रो की राजस्व सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रहेंगी। मेट्रो सेवाएं 27 फरवरी से पहले की तरह सामान्य समय पर पुनः शुरू हो जाएंगी। मलाही पकड़ी और खेमनीचक मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने से पहले फरवरी के अंतिम सप्ताह में कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी की (CMRS) अंतिम जांच प्रस्तावित है। सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे उतरने के बाद, मार्च के पहले सप्ताह में इन दोनों स्टेशनों से मेट्रो सेवा शुरू हो सकती है। इस दौरान टीम मलाही पकड़ी और खेमनीचक स्टेशन के ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाएं और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच करेगी।



### चतरा एयर एम्बुलेंस हादसा, पटना के सचिन मिश्रा की मौत, बतौर नर्सिंग स्टाफ थे तैनात

**पटना।** चतरा में एयर एम्बुलेंस क्रैश के दौरान पटना के सचिन मिश्रा की भी मौत हो गई। सचिन उस एयर एम्बुलेंस में बतौर नर्सिंग स्टाफ मौजूद थे। हादसे से चंद घंटे पहले ही उन्होंने अपने घर पर बीमार मां से फोन पर बात कर हाल-चाल पूछा था। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां की तबीयत बिगड़ गई। परिजन बताते हैं कि वह बार-बार बेहोश हो जा रही थीं। सचिन चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। पिता का निधन वर्ष 2005 में हो गया था। इसके बाद बड़े भाइयों ने ननिहाल पक्ष के सहयोग से परिवार की जिम्मेदारी संभाली। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद पूजा-पाठ कर सचिन को पढ़ाया-लिखाया गया। परिवार फिलहाल राजीव नगर में रहता है, जबकि पैतृक घर सिवान जिले के तिलकथू थाना हसनपुरा में है। सचिन की मां ने बताया कि, उनकी तबीयत खराब चल रही थी, जिसके चलते बेटा छुट्टी लेकर उनसे मिलने घर आना चाहता था, लेकिन अस्पताल के कर्मियों की ओर से छुट्टी नहीं दी गई। तीन दिन पहले किसी पेशेंट को लेकर पटना एयरपोर्ट भी आया था। वहां से वह मिलने आ रहा था, लेकिन हॉस्पिटल के कर्मियों ने उसे एयरपोर्ट पर ही रोक दिया। मृतक की बहन ने बताया कि, दोपहर में मां से सचिन की बात हुई थी। मां ने दवा के रिएक्शन की जानकारी दी, जिस पर सचिन ने एक डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी। इसके बाद शाम से उनका फोन बंद हो गया। लगातार कॉल करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। मृतक की बहन ने बताया कि, दोपहर के वक्त सचिन की बात मां से हुई थी। मां ने उसे दवा रिएक्शन के बारे में बताया था। तब उसने एक डॉक्टर के बारे में सजेस्ट किया और बोला वहां दिखा लो। इसके बाद शाम से उसका कॉल लगना बंद हो गया। लगातार हम लोग कॉल करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन लग नहीं रहा था। मेरा भाई मां को देखने के लिए बेचैन था। छुट्टी मांग रहा था, लेकिन उसके अस्पताल के कर्मियों ने छुट्टी नहीं दी। बहन का कहना है कि सचिन मां को देखने के लिए परेशान थे और छुट्टी मांग रहे थे। अगर उन्हें छुट्टी मिल जाती, तो शायद यह हादसा नहीं होता। परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सचिन के मामा दिनेश पांडे ने बताया कि, घटना के बारे में रात 11 बजे के वक्त जानकारी मिली। उसी समय परिवार के लोग वहां के लिए रवाना हुए। सुबह 7 बजे पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम समेत अन्य प्रक्रिया पूरी होते 12 बज गया। उन्होंने बताया कि मौके पर कई अधिकारी पहुंचे और आश्वासन दिया, लेकिन अब तक परिवार को किसी तरह की आर्थिक सहायता नहीं मिली है। यहां तक कि एंबुलेंस का खर्च भी नहीं दिया गया। जिस कंपनी में सचिन कार्यरत थे, उसकी ओर से भी कोई मदद नहीं मिली है।



### बिहार के छात्र की लाश बालाघाट में मिली, हैदराबाद में कर रहा था नीट की तैयारी

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में बिहार के एक छात्र का शव रेलवे लाइन पर कटा हुआ मिला है। छात्र की पहचान आदित्य (21) पुत्र हरिवंश राय के रूप में हुई है। वह हैदराबाद में अपने जीजा के यहां रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। बुधवार को परिजनों के पहुंचने पर शव की पहचान की गई। यह घटना मंगलवार की है। आरपीएफ को समनापुर और चरेगांव के बीच रेलवे लाइन पर खंभा नंबर 1061/4/7 के पास एक युवक का ट्रेन से कटा हुआ शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और जंगल क्षेत्र से शव को बरामद किया। आदित्य हैदराबाद से बिहार स्थित अपने गांव जाने के लिए होली स्पेशल चिरापल्ली-दानापुर एक्सप्रेस में सवार हुआ था। वह बालाघाट कैसे पहुंचा और उसके साथ यह घटना कैसे हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आरपीएफ और ग्रामीण थाना पुलिस दोनों मिलकर मामले की जांच कर रही हैं। बुधवार को युवक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर सूचना मिलने के बाद आदित्य के जीजा सिकंदर कुमार बालाघाट जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि आदित्य उनके यहां रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। 23 फरवरी को उन्होंने उसे ट्रेन में बैठाकर रवाना किया था। रात में उससे बात हुई थी, लेकिन उसके बाद संपर्क नहीं हो सका। मंगलवार को आदित्य के साथ हुई घटना की सूचना मिलने पर वह अपने बड़े भाई अविनाश के साथ यहां पहुंचे हैं। आरपीएफ एसआई विभा ने जानकारी दी कि घटनास्थल के पास ही एक पेड़ के नीचे आदित्य का बैग मिला है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि युवक एक्सप्रेस ट्रेन से उतरा और यहां कैसे पहुंचा। आरपीएफ को यह भी जानकारी मिली है कि युवक मालगाड़ी ट्रेन के सामने आ गया था। फिलहाल, मामला संबंधित थाना क्षेत्र का होने के कारण ग्रामीण थाना पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। चिरापल्ली से दानापुर एक्सप्रेस नैनपुर के बाद बालाघाट में रुकती है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि युवक बालाघाट में उतरकर किसी अन्य ट्रेन से यहां पहुंचा होगा और इसके बाद सुनसान, जंगली क्षेत्र में उसने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली होगी। ग्रामीण थाना एसआई विजय पाटिल मामले की जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद ही युवक की मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो पाएगी।

### रेलवे लाइन किनारे मिले अज्ञात शव की हुई पहचान, मधेपुरा का रहने वाला था मृतक

**हाजीपुर।** वैशाली के महनार थाना क्षेत्र में बासुदेवपुर चंदेल रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन किनारे झाड़ियों से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान मधेपुरा जिले के आलम नगर थाना अंतर्गत चंदसारा गांव निवासी मिथुन मांझी (35) के रूप में हुई है। शव 24 फरवरी को बरामद किया गया था। यह घटना महनार रेलवे स्टेशन से लगभग तीन किलोमीटर पूर्व बासुदेवपुर चंदेल रेलवे स्टेशन के पास हुई। पुलिस को इस संबंध में रेलवे स्टेशन मास्टर द्वारा मंगलवार को सूचना मिली थी। जानकारी के अनुसार, मिथुन मांझी पिछले तीन महीने से राजस्थान में मजदूरी कर रहे थे। उनकी पत्नी शालिता देवी ने बताया कि उनकी आखिरी बात रविवार सुबह हुई थी। मिथुन मांझी अपने छह भाई-बहनों में सबसे बड़े थे। उनके परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। मृतक की पत्नी ने बताया कि शुक्रवार को पति से बात हुई थी, जिसमें उन्होंने शनिवार को ट्रेन पकड़कर घर आने की बात कही थी। शनिवार को उनसे बात नहीं हो पाई। पत्नी के अनुसार, उन्हें बाद में पता चला कि ट्रेन से गिरने के कारण पति की मौत हो गई है। वैशाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# बाहुबली अनंत सिंह-सूरजभान के समर्थकों के बीच बवाल

**एजेंसी, पटना**




विधानसभा चुनाव के बाद मोकामा में अनंत सिंह और सूरजभान गुट आमने-सामने है। रविवार (22 फरवरी) को अनंत सिंह के खास शोभीर सिंह की एनएच-31 स्थित पंडारक बाजार में गमछा से गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की गई। मारपीट और हत्या की कोशिश का आरोप सूरजभान सिंह के बहनोई खन्ना सहित पर लगा। अब इस मामले में पुलिस ने पूर्व सांसद समेत 8 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जख्मी के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें सूरजभान सिंह और कन्हैया सिंह पर साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। पुलिस पूरे मामले को लेकर तफ्तीश कर रही है। वहीं, केस दर्ज होने के बाद समर्थकों के बीच तनाव बढ़ गया है। इधर, सूरजभान सिंह के समर्थक इसे राजनीतिक साजिश करार दे रहे हैं।

22 फरवरी को मोकामा के विधायक बाहूबली अनंत सिंह के समर्थक शोभीर और उसके भाई अमित कुमार पर सूरजभान सिंह के बहनोई खन्ना सहित कई लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना के बाद मोकामा विधानसभा चुनाव रंजिश का मामला एक बार फिर ताजा हो गया। पीड़ित का कहना है कर्ि 22 फरवरी को वह तीन बजे अपने घर से निकल कर मंटुन पहलवान के घर के पास पहुंचा ही था। इसी बीच ओंकार उर्फ मिथुन, विकास कुमार, माधव कुमार उर्फ खन्ना, सुमन कुमार, अनिल सिंह उर्फ अकलु सिंह और किशु कुमार ने घेर लिया।

**गमछी से गला घोंट छाती पर कूदने लगे:** इतने में माधव कुमार उर्फ खन्ना एव ओंकार जान मारने की नीयत से गले मे गमछा बांध फंदा फंसाकर कस दिया। इस बीच अन्य आरोपित लात-मुक्के, फाइटर और पस्टिल की बट से मारने लगे। हमले में गला और दोनों आंखों में चोट आई। इसके बाद जमीन पर पटककर विकास कुमार छाती पर चढ़ गया और कूदने लगा। शोभीर कुमार ने बताया, इससे मेरे मुंह से खून बहने लगा और मैं बेहोश हो गया। जब होश आया तो खुद को पंडारक पीएचसी में पाया। वहां से हालत को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।

**दुलारचंद हत्याकांड केस में फंसाया:** शोभीर के भाई अमित का कहना है कि, हमलोग अनंत सिंह के समर्थक हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान दुलारचंद मर्डर केस में हम लोगों का कोई हाथ नहीं था लेकिन इसके बावजूद मेरे तीन भाइयों को नामजद आरोपी बना दिया गया।

## छात्रसंघ चुनावः बिना आईकार्ड के छात्र कर रहे प्रचार-प्रसार

**एजेंसी, पटना**

पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव को लेकर कैंपस पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा हुआ है। इसी बीच नियमों और दिशा-निर्देशों को ताक पर रखकर प्रचार किए जाने की तस्वीरें सामने आ रही हैं। छात्र संगठनों से जुड़े छात्र नेता और उनके समर्थक खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। कॉलेज कैंपस के साथ-साथ सड़कों पर भी बड़ी संख्या में भीड़ जुटाकर पर्चियां उड़ाई जा रही हैं। कई जगहों पर देखा गया कि प्रचार कर रहे छात्रों के गले में न तो आईडी कार्ड था और न ही कोई पहचान पत्र। ऐसे में यह पता लगाना मुश्किल हो गया है कि प्रचार करने वाले सभी लोग वास्तव में यूनिवर्सिटी के छात्र हैं या बाहरी लोग भी इसमें शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रचार के दौरान पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा और प्रत्याशी अधिकतम पांच समर्थकों के साथ ही प्रचार कर सकेंगे, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग दिखाई दे रही है।

छात्र संघ चुनाव में इस बार महिला कॉलेजों पर खास ध्यान दिया जा रहा है। कारण यह है कि यूनिवर्सिटी के महिला कॉलेजों में मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है और वही चुनाव परिणाम तय करने में अहम भूमिका निभाएंगी। पटना वीमेंस कॉलेज और मगध महिला कॉलेज जैसे संस्थानों में प्रत्याशियों की सक्रियता ज्यादा देखने को मिल रही है। यहां बड़े पैमाने पर प्रचार किया जा रहा है, जबकि नियमों के अनुसार सीमित संख्या में ही समर्थकों के साथ प्रचार की अनुमति है।




- तय से ज्यादा संख्या में जुट रहे, सड़कों पर छात्र नेता उड़ा रहे पर्ची, प्रशासन ने दी है चेतावनी

## 'राहुल जी, थोड़ा परिपक्व बनिए, देश को बदनाम मत करिए'

**एजेंसी, पटना**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने उन पर तीखा प्रहार किया है। राहुल गांधी ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को "तानाशाही प्रवृत्ति" बताया और ट्रेड डील को देशहित के खिलाफ करार दिया। ललन सिंह ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी के बयान को अपरिपक्व और देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताया।

**राहुल जी, थोड़ा अपने में सुधार लाइए- ललन सिंहः** केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा, 'राहुल जी आपकी बात सुनकर मुझे हंसी आती है। थोड़ा तो परिपक्व बनिए। क्यों अपने आप को हास्यास्पद बनाते हैं। मोदी जी देश के प्रधानमंत्री हैं और उनके लिए सबसे पहले देश है। आपकी तरह वह हर बात पर टाय-टाय नहीं करते हैं।

AI समिट हुआ पूरे दुनिया के लोग आए, पूरे दुनिया ने इस समिट को सारा और राहुल जी आपने क्या किया आपने वहां पर अपने कार्यकर्ताओं की ओर से नंगा प्रदर्शन करवाया। आपको थोड़ी सी लज्जा नहीं आई कि अपने पूरे देश को बदनाम कर दिया। पूरे विश्व के सामने जिस तरीके की हरकत आपके कार्यकर्ताओं ने किया वह देशद्रोह नहीं है तो क्या हुआ। लेकिन आप कभी सुधरने वाले नहीं हैं, भगवान आपका भला करें। दरअसल राहुल गांधी ने X पोस्ट कर लिखा था कि, 'शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है।



## पीएमसीएच में नवजात को लेकर भागी महिला, गेट पर पकड़ाई, गुस्साई भीड़ ने जमकर पीटा, आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना**

पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) में बच्चा चोरी का मामला सामने आया है। एक नवजात शिशु को जन्म के महज तीन घंटे बाद चुराने का प्रयास किया गया। इस घटना से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। हालांकि, परिजनों, पीएमसीएच सुरक्षाकर्मियों की तत्परता से आरोपी महिला को अस्पताल के गेट के पास से पकड़ लिया गया और बच्चा सकुशल बरामद कर लिया गया। यह घटना सोमवार को प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में हुई।

**खुद को रिश्तेदार बताया, फिर नवजात को लेकर निकलीः** बुद्ध मार्ग, कमला नेहरू नगर बस्ती की एक महिला को सुबह भर्ती कराया गया था, जिसने 8:05 बजे बेटे को जन्म दिया। पति के कुछ देर के लिए बाहर जाने पर प्रसूता वार्ड में अकेली थी। इसी दौरान वार्ड में मौजूद जैकी कुमारी नामक महिला ने खुद को रिश्तेदार बताकर प्रसूता का विश्वास जीता। दोपहर करीब 1 बजे जब प्रसूता सो गई तो आरोपी महिला ने नवजात को गोद में लिया और कपड़े में छिपाकर वार्ड से बाहर निकल गई। कुछ मिनटों बाद जब पति लौटे और बच्चे को गायब देखा, तो वार्ड में हंगामा मच गया। सूचना मिलते ही PMCH पुलिस सक्रिय हुई और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में एक महिला संदिग्ध हालत में झाड़ियों की ओर जाती दिखी, जिसके हाथ में कपड़े में लिपटी नवजात थी।




### ♦ बच्चे को सकुशल किया बरामद

इसके बाद सुरक्षाकर्मियों और परिजनों ने उसे गेट के आगे दुर्गा मंदिर के पास धर दबोचा। गुस्साई भीड़ ने उसकी पिटाई भी की, जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि, 'उसकी शादी तीन साल पहले मध्य प्रदेश में हुई थी, लेकिन संतान न होने के कारण उसे ससुराल में ताने और प्रताड़ना झेलनी पड़ती थी। इसी दबाव में उसने बच्चा चोरी की योजना बनाई।' पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। नवजात को सकुशल बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया गया है। पीएमसीएच अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि, घटना पुरानी गायनी वार्ड की है। नए भवन में सुरक्षा व्यवस्था सख्त है और अब सभी भर्ती मरीज के लिए केवल एक परिजन को ही वार्ड में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए पहचान-पत्र आधारित कार्ड जारी किया जाएगा। साथ ही सीसीटीवी निगरानी और गार्ड तैनाती को और मजबूत करने की बात कही गई है। हालांकि, उन्होंने बताया कि घटना के तत्काल बाद ही पुलिस और गार्ड की सक्रियता से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है और वार्ड के बाहर जांच और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पटना शहर में हाल के दिनों में बच्चा चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसे में राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में हुई इस वारदात ने सुरक्षा इंतजामों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यदि थोड़ी भी देरी होती तो आरोपी महिला नवजात को लेकर फरार हो सकती थी। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। अस्पताल प्रशासन ने भी सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा शुरू कर दी है।

## नितिन नवीन ने गांधी परिवार की राजनीति पर उठाए सवाल, बोले-राहुल गांधी विदेशी शक्तियों की कठपुतली

**एजेंसी, पटना**

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना से दिल्ली जाने से पहले कांग्रेस और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए। नितिन नवीन ने कहा कि, राहुल गांधी ने अब तक 247 से अधिक विदेशी यात्राएं की हैं, लेकिन इनमें से आधी से ज्यादा यात्राओं की जानकारी देश की सुरक्षा एजेंसियों को नहीं दी गई। यह अपने आप में एक "कॉम्प्रोमाइज मिशन" का संकेत है, जो देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

**'गांधी परिवार की राजनीति कॉम्प्रोमाइज पर आधारित'- नितिन नवीनः** नितिन नवीन ने कहा कि, 'गांधी परिवार की पूरी राजनीति देश की जनता से समझौता करने की विरासत पर टिकी रही है।' उन्होंने आरोप लगाया कि 'कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रीय हितों की बजाय निजी और विदेशी हितों को प्राथमिकता दी।'



**नेहरू काल पर भी साधा निशानाः** बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि, 'नेहरू ने स्वयं यह स्वीकार किया था कि 45 करोड़ जनता हमारी लायबिलिटी है।' नितिन नवीन ने आरोप लगाया कि 'उस दौर में नेहरू का सचिवालय विदेशी एजेंसियों, यहां तक कि CIA के लिए भी खुला रहता था।

**राजीव गांधी पर भ्रष्टाचार के आरोपः** बीजेपी नेता ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि, 'बीजेपी राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए हर उस राजनीति का विरोध करेगी, जो देश की सुरक्षा और संप्रभुता से समझौता करती हो।'

**युवाओं को गुमराह करने का आरोपः** नितिन नवीन ने कहा कि कांग्रेस आज भी उसी सोच के साथ आगे बढ़ रही है और देश के युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस ने पहले देश के हितों से समझौता किया और अब नई पीढ़ी को भ्रमित करने की राजनीति कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि, 'देश की जनता अब सब समझ चुकी है और आने वाले समय में कांग्रेस और गांधी परिवार को उनके "कॉम्प्रोमाइज मिशन" की सजा जरूर देगी।'

## बिहार के दंपती ने बच्चों समेत गुजरात में की आत्महत्या

**एजेंसी, पटना**

बिहार के एक परिवार के तीन सदस्यों ने गुजरात के सूरत में आत्महत्या कर ली। मृतकों में पति, पत्नी और एक बेटी शामिल हैं। वहीं दूसरी बेटी अभी भी अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना सूरत के वेसु इलाके स्थित हैप्पी एलीगेंस बिल्डिंग की है। मृतकों के घर से तीन पन्नों का एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें वैभव रुंगटा नाम के व्यक्ति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। वहीं स्थानीय लोग शेयर बाजार में हुए नुकसान और कर्ज के दबाव को आत्महत्या की वजह बता रहे हैं।

घर से बरामद तीन पन्नों के सुसाइड नोट पर प्रियंका और बालमुकुंद खेतान के हस्ताक्षर हैं। पुलिस ने जब प्रियंका के सिग्नेचर और हैंडराइटिंग का सुसाइड नोट से मिलान किया, तो पता चला कि यह नोट प्रियंका खेतान ने ही लिखा था। सुसाइड नोट में दोनों ने अपने पालतू कुत्ते 'कैंडी' को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने लिखा है, "कैंडी को सुरक्षित रखने के लिए उसे किसी डॉग शेल्टर या पालतू पशु देखभाल केंद्र में भेज दिया जाए।"




## लैंड फॉर जॉब मामले में आज हो सकती सुनवाई

**एजेंसी, पटना**

लैंड फॉर जॉब मामले में आज दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में अहम सुनवाई होने की संभावना है। इस सुनवाई में पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और राबड़ी देवी के अदालत में पेश होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके पहले, मंगलवार को लालू यादव और राबड़ी देवी दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में लालू अपना रूटीन हेल्थ चेकअप भी कराएंगे। लैंड फॉर जॉब मामले में इसके पहले 16 फरवरी को सुनवाई हुई थी। इस दौरान लालू यादव व्हीलचेयर पर कोर्ट पहुंचे थे।

उस समय उनके साथ राबड़ी देवी और उनकी सांसद बेटी मीसा भारती भी मौजूद थीं। अदालत परिसर में उस दिन सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। आज की सुनवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं, क्योंकि इस मामले में अदालत की कार्यवाही राजनीतिक रूप से भी काफी अहम मानी जा रही है।



इधर, सुनवाई से पहले मीसा भारती ने कहा है था कि, मामला कोर्ट में है और हमें कोर्ट पर विश्वास है कि हमें न्याय मिलेगा। एक ही केस में बहुत से केस बनाने से लोगों को परेशानी हो रही है।' कोर्ट रूम में क्या हुआ आज आरोपों को तय करने कानूनी प्रक्रिया चल रही थी। करीब 18 दिन पहले, सुनवाई के दौरान स्पेशल जज विशाल गोग्ने ने अपने आदेश में कड़ी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, 'लालू यादव और उनका परिवार एक आपराधिक गिरोह की तरह काम कर रहा था। सरकारी नौकरियों के बदले संपत्ति हासिल करने की एक व्यापक साजिश रची गई थी'।

# बिहार में बांस क्लस्टर विकसित होंगे, किसानों की बढ़ेगी आय

### शिखर सम्मेलन में पहुंचे रामकृपाल यादव, बोले- बांस उद्योग से सशक्त होगा ग्रामीण बिहार

**एजेंसी, पटना**

बिहार में बांस आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कृषि भवन में बिहार बांस अर्थव्यवस्था शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन बिहार सरकार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने किया। सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जिलों से आए किसान, बांस उत्पादक समूहों के प्रतिनिधि, उद्यमी, उद्योग विशेषज्ञ और सरकारी अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान बांस उत्पादन, वैज्ञानिक प्रसंस्करण, विपणन, स्टार्टअप की संभावनाएं और रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

**बांस से बढ़ेगी किसानों की आयः** कृषि मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बांस बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। इसके वैज्ञानिक और व्यावसायिक उपयोग से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बांस अब केवल पारंपरिक उपयोग तक सीमित नहीं है। इससे फर्नीचर, अगरबत्ती, हस्तशिल्प, निर्माण सामग्री, सजावटी वस्तुएं और बायो-एनर्जी जैसे विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार बांस आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराएगी। इसके लिए विशेष योजनाएं तैयार की जा रही हैं, ताकि ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके।



**विशेषज्ञों ने दिए सुझावः** सम्मेलन में उपस्थित विशेषज्ञों ने बांस की उन्नत खेती, आधुनिक मशीनों के माध्यम से प्रसंस्करण और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ने की रणनीतियों पर अपने विचार रखे। विशेषज्ञों का कहना था कि यदि किसान समूह बनाकर बांस उत्पादन करें और प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करें, तो यह क्षेत्र एक बड़े उद्योग के रूप में विकसित हो सकता है।

**स्टार्टअप और रोजगार के अवसरः** कार्यक्रम के दौरान बांस आधारित स्टार्टअप की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि बांस उद्योग न केवल किसानों की आय बढ़ाएगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी सृजित करेगा। सरकारी अधिकारियों ने जानकारी दी कि आने वाले समय में बांस क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, जहां उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण और विपणन तक की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आल इंडिया कांग्रेस सेवादल दिल्ली ने युवा नेता आदित्य जैन को कटनी सेवादल युवा का अध्यक्ष नियुक्त किया है.



**लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेशः** जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह जिला प्रभारी वीरेंद्र दुवेदी की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी भार्गव की सहमति के बाद प्रदेश सेवादल युवा अध्यक्ष गजानन तिवारी ने कटनी सेवादल का युवा अध्यक्ष पद के आदित्य जैन का नाम दिल्ली भेजा. दिल्ली ने आदित्य के नाम पर मोहर लगाई और आदित्य जैन को युवा अध्यक्ष नियुक्ति किया. आदित्य की नियुक्ति से युवाओं ने हर्ष व्यक्त किया उन्हें बधाई दी नियुक्ति होने के बाद आदित्य जैन ने कहा युवा सेवादल मे युवाओं को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाएंगे. कांग्रेस पार्टी की विचारधारा जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे. आपका आदित्य जैन जिला अध्यक्ष सेवादल युवा कटनी

### बल्लभगढ़ से पाली तक बनेगा एलिवेटिड फ्लाईओवर

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने ऐलान किया है कि बल्लभगढ़ से पाली तक एलिवेटिड फ्लाईओवर ब्रिज बनाए जाने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। बुधवार को विधानसभा में फरीदाबाद एनआईटी के विधायक सतीश कुमार फागना के सवाल पर उन्होंने बताया कि इस सड़क को पीपीपी मोड पर बनाने की संभावना पर काम किया जा रहा है। प्रोजेक्ट की व्यवहारिक अध्ययन पूरी होने और परियोजना की उपयुक्तता के बाद, बजट प्रावधान के बारे में अलग से फैसला लिया जाएगा। योजना पर अभी काम शुरू हुआ है। इसलिए समय सीमा तय नहीं की जा सकती है। इसके बाद शाहबाद के विधायक रामकरण काला के सवाल के जवाब में रणबीर गंगवा ने कहा कि गांव कठुआ से मुगल माजरा जाने वाली सड़क पर दो तटबंध मार्ग के उपर टाइप दो बाक्स टाइप पुल बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। बहादुरगढ़ के विधायक राजेश जून ने रेलवे फाटकों पर रेलवे ओवर ब्रिज तथा रेलवे अंडर ब्रिज बनाने के मुद्दे पर सरकार से स्टेट्स रिपोर्ट मांगी। लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि रेलवे फाटक संख्या 21-सी, 22-सी तथा 24-सी पर आरओबी तथा आरयूबी बनाने पर विचार किया जा रहा है। वर्तमान में रेलवे लाइन के दोनों तरफ मौजूदा सड़क की जमीन की कमी और सड़क के किनारे आबादी होने की वजह से आरयूबी बनाना मुमकिन नहीं है। इसलिए समय सीमा तय नहीं की जा सकती है। इसके बावजूद इस योजना को बंद नहीं किया गया है। इसकी संभावनाएं तलाश की जा रही हैं।

### सड़कों की खस्ता हालत पर मोबाइल एप से मिली 37 हजार शिकायतें

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि सरकार द्वारा सड़क मरम्मत के लिए शुरू किए गए मोबाइल एप के माध्यम से अब तक कुल 37,368 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 19,523 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। मंत्री रणबीर गंगवा बुधवार को विधानसभा में कांग्रेस विधायक पूजा द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। पूजा मुलाना के सवाल के जवाब में गंगवा ने कहा कि सड़क मरम्मत कार्य को राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में लाया जा चुका है। कोई भी शिकायत मिलने के 10 दिन के भीतर जेई के पास होती है। अगर कार्रवाई नहीं होती है तो ऑटो मोड पर वह शिकायत एसडीओ के पास चली जाती है। इसी प्रकार अगले अधिकारियों के पास मामला रैफर होता है। मंत्री ने बताया कि कुल शिकायतों में से 2285 शिकायतों को व्यवहारिक नहीं होने के कारण खारिज कर दिया गया है। इस अवधि के दौरान सरकार की तरफ से जब रिव्यू किया गया तो कार्य में कोताही बरतने के आरोप में 19 अधिकारियों को दंडित किया गया है।

### हरियाणा सचिवालय की छठी मंजिल से कूदकर में आईएएस के सीनियर सचिव ने की आत्महत्या

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सचिवालय में बुधवार को छठी मंजिल से कूदकर एक अधिकारी ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गणेश दास अरोड़ा के तौर पर हुई है। वह आईएएस अफसर हितेश कुमार मीणा के स्पेशल सीनियर सेक्रेटरी थे। मीणा लोक निर्माण विभाग में अतिरिक्त सचिव के साथ-साथ हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण के एडिशनल चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर का जिम्मा संभाल रहे हैं। गणेश दास अरोड़ा कई महीने से तनाव में थे। करीब दो सप्ताह पहले भी उन्होंने छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया लेकिन वहां खड़े कुछ लोगों ने उन्हें बचा लिया। गणेश दास अरोड़ा को इसी साल अक्टूबर में सेवानिवृत्त होना था। उनकी पत्नी उमा अरोड़ा गवर्नर हाउस में तैनात हैं। गणेश दास अरोड़ा बुधवार को अपने दफ्तर में रोजाना की भांति छठी मंजिल पर फाइलें निपटाने में लगे हुए थे। दोपहर करीब सवा 12 बजे वह अपने दफ्तर के बाहर बनी लॉबी में आए। काम करते- करते अचानक बिना किसी को कुछ बताए अपनी कुर्सी से खड़े हो गए। इसके बाद सचिवालय की छठी बिल्डिंग से छलांग लगा दी। सचिवालय में तैनात सीआईएसएफ के सुरक्षाबलों ने तुरंत इसकी सूचना अधिकारियों को दीं। इसके बाद पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल में रखवा दिया। हरियाणा सिविल सचिवालय में यह दूसरी घटना है। इससे करीब एक साल पहले भी कृषि विभाग के एक कर्मचारी ने सचिवालय से कूदकर आत्महत्या की थी।

# ग्रामीणों के चंगुल में फंसे शराब तस्कर को छुड़ा ले गए माफिया

» 30पेटी शराब की तस्करी करते पकड़ा गया था युवक, रामपुर नैकिन थाना से चंद मीटर दूर का मामला

लोकतंत्र की शान

**सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन क्षेत्र में विदेशी शराब की अवैध पैकारी का मामला सामने आया है। ग्राम रायखोर में ग्रामीणों ने अवैध शराब ले जा रहे एक बाइक सवार को पकड़ा, जिसके बाद मौके पर एक जीप पहुंचने से माहौल गरमा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव-गांव में शराब की अवैध बिक्री से सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार को एक युवक बाइक पर एक झोले में बड़ी मात्रा में शराब लेकर रायखोर पहुंचा था। शक होने पर ग्रामीणों ने उसे रोका और तलाशी ली। आरोप है कि झोले में लगभग 30 पेटी शराब थी, जिसे बाइक के पिछले हिस्से में विशेष रूप से फिट किया गया था। ग्रामीणों ने तत्काल युवक को



पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा युवक को पकड़े जाने के महज पांच मिनट के भीतर एक जीप मौके पर पहुंची। इस जीप में कथित तौर पर शराब दुकान के कर्मचारी सवार थे। ग्रामीणों और कर्मचारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, और इसी अफरातफरी का फायदा उठाकर शराब ले जा रहा युवक मौके से भाग निकला।

#### खुलेआम बिकवाई जा रही अवैध शराब

स्थानीय निवासी सनी सिंह ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में खुलेआम शराब बिकवाई जा रही है, जिससे झगड़े बढ़ रहे हैं और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग रहा है। सिंह ने दावा किया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि शिकायतकर्ताओं को धमकियां मिल रही हैं। इस मामले में आबकारी विभाग का पक्ष जानने के लिए आबकारी अधिकारी एस.के. सिंह से संपर्क किया गया। उन्होंने कैमरे के सामने आने से इनकार कर दिया और संक्षिप्त प्रतिक्रिया में कहा, मैं इस बारे में कुछ नहीं बोल सकता, ऊपर से प्रेशर है कार्रवाई नहीं कर सकता।

### बम्हनगवा स्कूल के जर्जर शौचालय की दीवार गिरने के मामले पर प्रशासन सख्त

#### कलेक्टर श्री तिवारी ने शाला प्रभारी को किया निलंबित

लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश

**कटनी ।** - विकासखण्ड विजयराघवगढ़ के शासकीय माध्यमिक शाला बम्हनगवां में जर्जर शौचालय की दीवार गिरने से घटित हुई दुर्घटना के मामले में कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त रूख अपनाते हुये शाला प्रभारी एवं माध्यमिक शिक्षक श्रीमती राधा पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसी मामले में अभी कुछ दिन पहले ही कलेक्टर ने संविदा उपयंत्री को कार्य से विरत किया था।<इस घटना के संबंध में जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के द्वारा शाला प्रभारी श्रीमती पाण्डेय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसके बाद श्रीमती पाण्डेय द्वारा लिखित प्रतिवाद प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने शासकीय माध्यमिक शाला बम्हनगवां के निरसन हेतु प्रस्ताव कार्यालय में प्रस्तुत करने एवं विद्यालय समय में प्रसाधनों में ताले नहीं लगाने का उल्लेख किया



था। जिसमें पाया गया कि वरिष्ठ कार्यालय द्वारा कई बार निर्देशित किये जाने पर भी भवनों की सुरक्षा एवं जर्जर दिवारों पर ध्यान नहीं दिया गया एवं तत्संबंधी जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को न दिया जाकर घोर लापरवाही की गई है।

### ओला-पानी से हुए फसल नुकसान व हाथियों द्वारा जमींदोज किए गए घरों का आकलन कर तत्काल सहायता दें सरकार - अजय सिंह राहुल

» हाथियों को उनके पुराने स्थान पर पहुंचाने के उपाय करें

लोकतंत्र की शान

**सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने सीधी जिले में हाथियों के आंतक और ओला वृष्टि से गरीब किसानों की फसल और घरों को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन और शासन से अचानक आई इस आपदा से हुए नुकसान का आकलन कर तत्काल मुआवजा दिये जाने का आग्रह किया है। उन्होंने कलेक्टर से अपेक्षा की है कि वे स्वयं व्यक्तिगत रूचि लेकर उन स्थानों का दौरा करें और गांव वालों से बात करें जहां नुकसान हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि प्राकृतिक आपदा को तो नहीं रोका



जा सकता लेकिन जगली जानवरों के आतंक से होने वाले नुकसान को तो रोका जा सकता हैं। अभी तक वन विभाग का अमला हाथ पर हाथ धरे बैठा है। जब सीमावर्ती छत्तीसगढ़ राज्य से हाथी हमारे यहां घुस रहे थे तब वन विभाग ने अपनी ड्यूटी क्यों नहीं निभाई। अब जब विपदा सर पर आ गयी तब हाथियों से बिजली के खम्बों और तारों को होने वाले संभावित नुकसान को देखते हुए बिजली की सप्लाई बंद की जा रही है। इससे परीक्षा देने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों के आगे बिना तैयारी के पढ़ाई का संकट पैदा हो गया है। इस स्थिति में ग्रामीणों में और रोष व्याप्त होता जा रहा है। श्री सिंह ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक से कहा है कि वे सीधी जिले और सीमावर्ती छत्तीसगढ़ राज्य के वन अधिकारियों से बात कर वस्तुस्थिति का पता लगायें। साथ ही हाथियों को वापस पुराने स्थान पर पहुंचाने के लिए जो भी उपाय किये जाते हैं वे तत्काल करें, अन्यथा बहुत देर हो जायेगी और गरीब किसानों की फसल और घरों को भीषण नुकसान से इनकार नहीं किया जा सकता।

# गायब को खोजने में रुचि नहीं दिखा रहे थाना प्रभारी

» पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक से की फरियाद,गांव की एक महिला पर गायब करने का आरोप

लोकतंत्र की शान

**सीधी।** अपने कारनामों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाली अमिलिया पुलिस का एक और कारनामा सामने आया है, इस बार एक 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी की गायब होने पर पुलिस द्वारा खोजबीन करने में लापरवाही का आरोप लगा है। इस मामले की शिकायत पीड़ित पिता ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई है। उल्लेखनीय है कि अमिलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रामदरश कोल पिता रामप्यारे कोल निवासी ग्राम चमरौहा थाना अमिलिया ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए बताया कि मेरी बेटी राजकली कोल उम्र 12 वर्ष 6 माह, कुछ काम से 19 फरवरी को अमिलिया गई थी, जहां से मेरी बेटी गायब हो गई जब पतासाजी पर पता लगा है कि गांव की ही संगीता कोल पत्नी वृहस्पति कोल निवासी चमरौहा के द्वारा किसी प्रयागराज निवासी को 50 हजार रुपए मे बेंच दिया गया है, इतना ही नहीं उक्त महिला ने यह राज छुपाने के लिये मेरे बेटी की सहेली सुष्मिता कोल पुत्री भाईलाल कोल को पैसे का ऑफर किया जो पैसे ना लेकर सारी हकीकत मेरे समक्ष बताई है। पीड़ित पिता ने बताया कि इस पूरे मामले की जानकारी मेरे द्वारा थाना अमिलिया को देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई परंतु थाना अमिलिया पुलिस ने गुमशुदी दर्ज किया गया तथा आज दिंनाक तक कोई ठोस कार्यवाही नही की गई। पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक से अपनी बेटी को खरीददारों के चुगल से मुक्त कराने एवं उसको गायब कराने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई है।

#### अमिलिया पुलिस का यह है ऑपरेशन मुस्कान

एक तरफ पुलिस मुख्यालय द्वारा लापता नाबालिग किशोरियों सहित महिलाओं की खोजबीन के लिए ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है, दूसरी तरफ जिले की अमिलिया पुलिस द्वारा सब कुछ जानने के बाद भी लापता नाबालिग किशोरी की खोजबीन नहीं की जा रही है। जबकि पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी स्वयं ऐसे मामलों को लेकर गंभीर रहते हैं लेकिन लंबे समय से थाना प्रभारी के पद पर बने रहने वाले राकेश वैश्य जनसेवा के प्रति गम्भीर नहीं दिख रहे हैं।

# भीलवाड़ा में इतिहास रच गई संत दर्शन शोभायात्रा

लोकतंत्र की शान


**भीलवाड़ा।** धरती पर जब-जब धर्म की ध्वजा फहरती है, तब इतिहास स्वयं साक्षी बनता है और बुधवार को भीलवाड़ा ने वही गौरवशाली क्षण जिया। हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के अंतर्गत निकली संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा ने पूरे नगर को राममय, शिवमय और सनातनमय बना दिया। चारों ओर भगवा पताकाएं लहराईं, जयघोष गूंजे और श्रद्धा का ऐसा महासागर उमड़ा कि भीलवाड़ा सचमुच "आज की अयोध्या" बन गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक था, बल्कि यह सनातन चेतना की ऐतिहासिक हुंकार थी। हजारों सनातनी भाई-बहन, बालक-बालिकाएं, माताएं-बहनें पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा में सम्मिलित हुए और नाचते-गाते हुए दीक्षार्थी



इन्द्रदेव, सिद्धार्थ एवं कुनाल को मंगलकामनाएं अर्पित कीं। दीक्षार्थियों की नगर परिक्रमा का यह विराट दृश्य भीलवाड़ा के इतिहास में पहली बार देखने को मिला, जिसने शहर को आध्यात्मिक गौरव से भर दिया। यह आयोजन देश में अपनी तरह का पहला उदाहरण बनेगा। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन से भीलवाड़ा ने यह सिद्ध कर दिया कि जब आस्था जागती है, जब संतों का सान्निध्य मिलता है और जब जन-जन साथ चलता है, तब शहर नहीं संस्कृति चलती है, इतिहास बनता है।

**प्रभात बेला में गूंजा "जय सनातन"**-बुधवार प्रातः अयोध्यानगर (दूधाधारी मंदिर) से जब शोभायात्रा निकली, तब मानो प्रभात सूर्य भी इस दिव्य यात्रा को नमन कर रहा था। संत-महापुरुषों के सान्निध्य में प्रभात फेरी मंडलियां, ढोल-नगाड़े, शंख-नाद और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ यात्रा आगे बढ़ी। नगर परिक्रमा करते हुए यह शोभायात्रा अपरान्ह में हरि शेवा धाम पहुंची। रास्ते भर पुष्पवर्षा हुई, तोरणद्वार सजे और घर-घर से आरती उतारी गई। उदासीन कार्ष्णि पीठाधीश्वर गुरूशरणानंद महाराज रमणरेती गोकुल वन मथुरा सहित देश के कोने-कोने से आए सैकड़ों संतों के दर्शन से शहर धन्य हो उठा। शोभायात्रा में सांसद दामोदर अग्रवाल, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के पदाधिकारी तथा देश-विदेश से आए हरि शेवा धाम के अनुयायी बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा की विशेष पहचान बनी नासिक, जम्मू और उड़ीसा की ढोल टीमों की दमदार प्रस्तुति, शिव बारात की दिव्य झांकी और उज्जैन से आई महाकाल की टीम के रोमांचक करतब।

### राजस्थान में सर्दी की विदाई, गर्मी ने पकड़ी रफ्तार



लोकतंत्र की शान

**जयपुर।** राजस्थान के पश्चिमी हिस्से से सर्दी की पूरी तरह विदाई हो चुकी है और प्रदेश में गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। राज्य के कई शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा जा रहा है। अधिकांश इलाकों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक चल रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मार्च के पहले सप्ताह में, खासकर होली के आसपास, गर्मी और तेज होने की संभावना है। इस दौरान एंटीसाइक्लोन बनने और पश्चिमी राजस्थान से हीटवेव चलने के कारण तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मंगलवार को राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में मापा गया। दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को गर्मी का अहसास हुआ और दोपहर में पसीने छूट गए। राजधानी जयपुर में दिन के समय हल्के बादल छाए रहे, लेकिन तापमान में बढ़ोतरी जारी रही। यहां अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन में गर्मी के साथ हल्की उमस भी महसूस की गई। सुबह-शाम की ठंड भी अब लगभग समाप्त हो चुकी है।

### जापान दौरे के पहले दिन लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर

लोकतंत्र की शान

**जापान/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। जिन कंपनियों के साथ करार हुआ है उनमें कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं। ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कुबोता कारपोरेशन, वर्ष 1890 में स्थापित जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और जिसका मुख्यालय ओसाका में स्थित है। यह कृषि और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। कंपनी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और निर्माण उपकरण के साथ साथ जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान जैसे पाइप, पंप और ट्रीटमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भी कार्यरत है। एस्कॉर्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ सहयोग के माध्यम से कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार और फार्म मैकेनाइजेशन क्षेत्र में उपस्थिति को मजबूत कर रही है। मिंडा कारपोरेशन, जो स्पार्क मिंडा समूह का हिस्सा है, ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में अग्रणी भारतीय कंपनी है। यह मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री जिसे जेएई के नाम से जाना जाता है, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस सेक्टर के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस समाधान में विशेषज्ञता रखती है। नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, एक विविधीकृत जापानी ट्रेडिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी है जो केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है। इन कंपनियों के बीच सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा।

### हरिद्वार में पहचान पूछे जाने पर एक अल्पसंख्यक युवक की बेरहमी से पिटाई की गई

लोकतंत्र की शान, सुनील नेगी

हरिद्वार से एक दिल दहला देने वाली और दिल को छू लेने वाली खबर आ रही है, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के एक व्यक्ति को कल रात पहचान पूछने के बाद आठ से दस लोगों ने बेरहमी से पीटा। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बीबीसी ने भी इस चिंताजनक घटना को कवर किया है और पीड़ित का साक्षात्कार लिया है, जिसने पूरी घटना का वर्णन करते हुए कहा कि जिस तरह से उसे प्रताड़ित किया गया, वह किसी जानवर की तरह लग रहा था, हालांकि जानवर को पीटना भी अपराध है। हरिद्वार से मिली ताजा खबर के अनुसार, कल रात जब एक ट्रक चालक ने अपना ट्रक पार्क किया, तो संभवतः नशे में धुत दो लोग उसके पास आए और उसका नाम पूछा। यह जानने के बाद कि वह अल्पसंख्यक समुदाय से है, उन्होंने



उसे गालियां देना शुरू कर दिया और घूंसे-घूंसे मारे, यहां तक कि लाठियों से भी पीटा। पास में खड़ी स्कॉर्पियो में सवार लोगों ने भी उसे बेरहमी से पीटा। पीड़ित को बुरी तरह पीटा गया और वह बेहोश हो गया। हरिद्वार पुलिस ने कहा कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि क्या उसे अल्पसंख्यक समुदाय से होने के कारण पीटा गया था, लेकिन जांच जारी है और जल्द ही कोई निश्चित निष्कर्ष निकलेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित ने बताया कि वह हमलावर को नहीं जानता, लेकिन उसके साथियों ने अंकुर नाम के एक व्यक्ति का नाम लिया है, जो उसे बार-बार पीट रहा था। दर्द से कराहते हुए मुस्लिम युवक ने अपने शरीर पर पड़े निशानों को दिखाते हुए कहा कि मेरे साथ जो कुछ भी हुआ है, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि भविष्य में किसी हिंदू लड़के के साथ भी ऐसा न हो। बीबीसी के पत्रकार दिलनवाज़ पाशा और वीडियो पत्रकार देवेश चोपड़ा ने यह रिपोर्ट फाइल की है। याद रहे कि कुछ दिन पहले कोटद्वार में बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ताओं ने एक अल्पसंख्यक समुदाय के दुकानदार की दुकान पर धावा बोल दिया और उन पर दुकान का नाम बदलने का दबाव डाला। इसी बीच एक जिम मालिक हिंदू युवक ने उस बुजुर्ग की मदद की और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से सवाल किया कि क्या उन्हें ऐसा करने का अधिकार है। उसने कहा कि उसका नाम मोहम्मद दीपक है और वह हर हाल में उस बुजुर्ग मुस्लिम व्यक्ति की रक्षा करेगा। इसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और दीपक सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बन गया। उसके विरोधी राहुल गांधी ने उसे दिल्ली आमंत्रित किया और उसके प्रति एकजुटता का आश्वासन दिया। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भी उससे मुलाकात कर उसके प्रयासों की सराहना की। कुछ दिन पहले उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में रमज़ान के दौरान एक मंदिर से कुछ सौ मीटर दूर एक खुले मैदान में खंभे के सामने नमाज़ अदा कर रहे एक राजमिस्त्री को बहुसंख्यक समुदाय के समर्थक अरविंद शर्मा और उनके वीडियोग्राफर ने बेरहमी से घूंसे मारे, लात मारी और लाठी से कई बार पीटा, साथ ही गालियां भी दीं। इन दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। सांप्रदायिक प्रकृति की ये दो घटनाएं निस्संदेह घृणास्पद अपराधों के उदाहरण हैं, जो देश के कानून और हमारे पवित्र संविधान के तहत अस्वीकार्य हैं और समाज में सांप्रदायिक नफरत फैलाने के बराबर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानें पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए। न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लॉन्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया। हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया और कहा कि स्कूल मंगलवार को खुलेंगे। वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मॉरा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है।

### भारतीय सोलर पैनल पर अमेरिका ने 126% ड्यूटी लगाई

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत से आने वाले सोलर पैनलों और सेल पर 126% की शुरुआती ड्यूटी लगा दी है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग का कहना है कि भारत अपने मैन्युफैक्चरर्स को गलत तरीके से सब्सिडी दे रहा है, जिससे अमेरिकी घरेलू कंपनियों को नुकसान हो रहा है। भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81% से 143% तक की लेवी लगाई गई है। शुरुआती जांच के आधार पर यह फैसला लिया गया है। इस पर अंतिम फैसला 6 जुलाई को आएगा। यानी सब्सिडी की बात साबित हो जाती है, तो यह टैक्स स्थायी हो जाएगा। इस फैसले से भारतीय सोलर एक्सपोर्टर्स के लिए अमेरिकी बाजार में टिकना मुश्किल हो सकता है। 126% ड्यूटी लगने का मतलब है कि इन पैनलों की कीमत अमेरिका में दोगुनी से भी ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में अमेरिकी खरीदार भारतीय माल के बजाय लोकल कंपनियों या अन्य देशों से पैनल खरीदना पसंद करेंगे क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट अब कॉम्पिटिशन से बाहर हो जाएंगे। यह टैक्स उन 10% ग्लोबल टैरिफ से अलग है, जिसकी घोषणा ट्रम्प ने हाल ही में की थी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते ट्रम्प के पुराने टैरिफ प्लान को रद्द कर दिया था जिसके बाद उन्होंने नए सिरे से टैरिफ लगाए थे। अब इस नए फैसले ने इंडस्ट्री की चिंता बढ़ा दी है। ब्लूमबर्ग एनईएफ के के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में अमेरिका में होने वाले कुल सोलर मॉड्यूल आयात का 57% हिस्सा भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आया था। भारतीय एक्सपोर्ट की बात करें तो 2024 में अमेरिका को 792.6 मिलियन डॉलर (करीब 7,200 करोड़ रुपए) के सोलर उत्पाद भेजे गए थे, जो 2022 की तुलना में 9 गुना ज्यादा है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में तीन दिन से बर्फबारी जारी

**नई दिल्ली/भोपाल/देहरादून/शिमला।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के पंचाचूली समेत कई क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। यहां ऊंचाई वाले इलाकों में तीन दिन से बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 27 और 28 फरवरी से मौसम का मिजाज बदलेगा और पहाड़ी जिलों में बारिश होगी। मध्य प्रदेश में पिछले 2 दिन में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, बैतूल और सीहोर समेत 20 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी-बारिश का दौर रहा। कुछ में ओले भी गिरे। इस वजह से गेहूं-चने की फसलों पर असर पड़ा। मौसम विभाग ने बताया कि बुधवार को मौसम साफ रहेगा, लेकिन मार्च की शुरुआत में बारिश होने का अनुमान है। राजस्थान में गर्मी का सीजन शुरू हो गया और दिन का अधिकतम तापमान अब 36°C से ऊपर चला गया। बाड़मेर में मंगलवार को दिन का टेंपरेचर 36.3°C रहा। अधिकांश इलाकों में न्यूनतम-अधिकतम सामान्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हो रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में होली के आसपास हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस दौरान पारा 40°C तक जा सकता है। वहीं, सिक्किम के ऊंचे इलाकों में मंगलवार को 15th माइल और त्सोमगो झील के पास भारी बर्फबारी हुई। इससे सड़कें जाम हो गईं। यहां लगभग 2,736 टूरिस्टों को ले जा रही कुल 541 टूरिस्ट गाड़ियां फंस गईं। अधिकारियों ने बताया कि सिक्किम पुलिस, GREF/BRO, ड्राइवर एसोसिएशन की मदद से सभी गाड़ियों और टूरिस्ट्स को सुरक्षित निकाला गया।



### केरल- 5 लाख लोगों को वॉट्सएप पर चुनावी मैसेज मिला

**कोच्चि।** केरल में सरकारी कर्मियों, न्यायिक अधिकारियों और विभिन्न लाभार्थियों सहित करीब 5 लाख लोगों को वॉट्सएप पर चुनावी संदेश भेजकर केरल सरकार घिर गई है। हाईकोर्ट ने मंगलवार को नाराजगी जताते हुए पूछा कि मुख्यमंत्री कार्यालय को इनके मोबाइल नंबर कैसे मिले। कोर्ट ने डेटा सोर्स की पुष्टि तक ऐसे संदेश भेजने पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने कहा कि इस पहल में गोपनीयता की कमी है। साथ ही, संदेह जताया कि कहीं वेतन और प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए बने एसपीएआरके पोर्टल का डेटा गलत तरीके से मुख्यमंत्री कार्यालय तक तो नहीं पहुंचाया गया। कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक डेटा का राजनीतिक प्रचार के लिए उपयोग अनुच्छेद-21 के तहत निजता के अधिकार और डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023 का गंभीर उल्लंघन है। कोर्ट ने पूछा है कि डेटा प्रोसेसिंग का कानूनी आधार क्या है? हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान ये निर्देश दिए। याचिका में आरोप है कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने गोपनीयता कानून का उल्लंघन कर विधानसभा चुनाव से पहले सीएम के फोटो वाले वॉट्सएप संदेश भेजे। इनमें 10% डीए बढ़ोतरी जैसे काम गिनाए गए थे। केरल देश का इकलौता राज्य है, जहां अभी भी लेफ्ट सत्ता में है। यहां सत्ता बदलने की परंपरा रही है, लेकिन 2021 में वाम मोर्चा (LDF) ने इस ट्रेंड को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। कांग्रेस गठबंधन की कोशिश इस बार एंटी इनकम्बेंसी को कैश कराने की रहेगी। वहीं, BJP अब तक केरल में एक भी विधानसभा सीट नहीं जीत पाई है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां उसने त्रिशूर लोकसभा सीट जीती थी। इसके अलावा दिसंबर 2025 में BJP ने पहली बार त्रिवेंद्रम (तिरुवनंतपुरम) नगर निगम का चुनाव जीता।

### फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर रोक नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर रोक लगाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि फिल्म के नाम में ऐसा कोई शब्द नहीं है, जिससे यादव समाज की छवि खराब होती हो। विश्व यादव परिषद के प्रमुख ने याचिका में कहा था कि फिल्म का नाम यादव समाज को गलत तरीके से दिखाता है। साथ ही फिल्म में यादव समाज की एक हिंदू लड़की और एक मुस्लिम लड़के की प्रेम कहानी दिखाई गई है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने सुनवाई के दौरान पूछा, "क्या किसी हिंदू लड़की की मुस्लिम लड़के से शादी सामाजिक ताना-बाना तोड़ती है?" बेंच ने हाल में 'घूसखोर पंडित' फिल्म से जुड़े आदेश से इस मामले को अलग बताया। कोर्ट ने कहा कि 'घूसखोर' शब्द का अर्थ भ्रष्ट होता है, जो सीधे तौर पर नकारात्मक अर्थ जोड़ता है। जबकि मौजूदा फिल्म के नाम में ऐसा कोई नकारात्मक संकेत नहीं है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि फिल्म खुद को एक सच्ची कहानी पर आधारित बताती है। इस पर कोर्ट ने जवाब दिया, "फिल्म बैंडिट क्वीन में भी गुर्जर समुदाय को गलत तरीके से दिखाने की बात उठी थी, तब भी कोर्ट ने बैन से इनकार किया था।" वकील ने कहा कि फिल्म अभी रिलीज नहीं हुई है और अगर रिलीज के बाद कुछ आपत्तिजनक लगे तो वे फिर कोर्ट आ सकते हैं। इस पर बेंच ने कहा, "जरा सहनशील बनिए। यह फिक्शन है। एक हफ्ते में सब खत्म हो जाएगा।"

# ओडिशा माइनिंग अफसर के घर से 4.27 करोड़ नकद मिले

## नोट गिनने की मशीनें लाना पड़ीं, 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया था

**एजेंसी, कटक**

ओडिशा विजिलेंस ने बुधवार को कटक सर्किल के डिप्टी डायरेक्ट (माइंस) देबब्रत मोहंती के घर से 4.27 करोड़ रुपए नकद जब्त किए। मोहंती को लाइसेंसी कोयला व्यापारी से 30 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। आरोप है कि वह कोयला डिपो को बिना रुकावट चलाने और काम आसान करने के बदले रिश्वत ले रहा था। यह ट्रैप ऑपरेशन ओडिशा विजिलेंस ने रिश्वत मांगने की शिकायत मिलने के बाद किया था।

**अलमारियों में नोटों के ढेर मिले:** गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की टीमों ने मोहंती और उनके करीबियों के कई ठिकानों पर छापे मारे। विभाग ने मठासाही में मोहंती के पैतृक घर और भुवनेश्वर के पाटिया इलाके वाले फ्लैट पर छापा मारा। भुवनेश्वर वाले फ्लैट से सूटकेस, ट्रॉली बैग और अलमारियों में नोटों के ढेर मिले। इसके अलावा, उसके ऑफिस से 1.20 लाख नकद भी बरामद हुए। नोटों की गिनती के लिए करेंसी काउंटिंग मशीनें लाई गईं।

**सोना, मकान और प्लॉट भी मिले:**



विजिलेंस के भुवनेश्वर डिवीजन के एसपी सरोज कुमार समल ने बताया कि अब तक 4.27 करोड़ की गिनती हो चुकी है। जांच में सामने आया है कि मोहंती के पास भुवनेश्वर में दो मंजिला मकान है। इसके अलावा अफसर के नाम करीब 130 ग्राम सोना और 2400 वर्गफीट का प्लॉट है, जिस पर दो मंजिला बिल्डिंग बन रही है। मोहंती के नाम 10 बैंक खाते और लॉकर भी हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

**विजिलेंस के इतिहास का सबसे ज्यादा कैश जब्त:** विजिलेंस अधिकारियों ने इसे ओडिशा विजिलेंस के इतिहास की सबसे बड़ी नगद बरामदगी बताया है। इससे पहले विजिलेंस की सबसे बड़ी नगद जब्ती 3.4 करोड़ थी, जो 7 अप्रैल 2022 को गंजाम जिले में लघु सिंचाई विभाग के एक असिस्टेंट इंजीनियर के घर से मिली थी।


**2009 में भी दर्ज हो चुका है केस:** एसपी समल ने बताया कि मोहंती के खिलाफ 2009 में भी भ्रष्टाचार का मामला दर्ज हुआ था। उस मामले की सुनवाई मयूरभंज जिला कोर्ट में अभी चल रही है।

**8 हजार की नौकरी से की थी शुरुआत:** अधिकारियों ने बताया कि मोहंती ने 2004 में 8 हजार वेतन पर जूनियर माइनिंग ऑफिसर के तौर पर सरकारी सेवा शुरू की थी। वे बोलांगीर, बारीपदा और बरहामपुर में काम कर चुके हैं और फिलहाल कटक में तैनात थे।

**कांग्रेस का BJP पर हमला:** इस मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह बरामदगी राज्य में चल रहे "डबल इंजन सरकार" के दौरान पनप रहे बड़े भ्रष्टाचार को उजागर करती है।

# असम-बॉयफ्रेंड के सामने 7 लोगों ने महिला का रेप किया

**एजेंसी, गुवाहाटी**




♦ 10 हजार ट्रांसफर कराए, 2 गिरफ्तार एक आरोपी के परिवार ने पत्रकार पर हमला किया

असम के कछार जिले के सिलचर शहर के पास एक 28 साल की महिला का उसके बॉयफ्रेंड के सामने 7 लोगों ने गैंगरेप किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में शिकायत 19 फरवरी को दर्ज कराई गई थी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि रेप के बाद एक आरोपी ने महिला से 10 हजार रुपए उसके खाते में ट्रांसफर कराए। पीड़ित के घरवालों ने कहा कि वह सिलचर शहर से कुछ किलोमीटर दूर बाईपास रोड पर अपने बॉयफ्रेंड के साथ कार में थी, तभी एक SUV में कुछ लोग आए और उन पर हमला कर दिया।

उन्होंने कहा आरोपियों ने पहले कपल से उनके ठिकाने के बारे में पूछा और फिर अचानक महिला और उसके दोस्त को पकड़ लिया। वहां करीब 7 आदमी थे, और उन्होंने उसके दोस्त के सामने एक-एक करके उसका रेप किया। न्यजू एजेंसी PTI के मुताबिक पुलिस शुरू में इस मामले पर चुप थी, लेकिन मंगलवार को सिलचर के एक पत्रकार पर एक आरोपी के परिवार वालों ने हमला कर दिया। इसके बाद यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**दो की पहचान हुई, 5 अभी भी फरार:** पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने दो लोगों की पहचान की, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में बाकी लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि सिलचर सदर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (5) (जान से मारने की धमकी देकर वसूली), 310 (2) (डकैती), 351(2) (आपराधिक धमकी), 61(2) (दो या उससे ज़्यादा लोगों का गैर-कानूनी काम, 70(1) (गैंग रेप) एवं अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# 'ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली एनसीईआरटी किताब की बिक्री पर रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

♦ सीजेआई ने कहा था- न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत किसी को नहीं, केस खुद देखूंगा

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की आपत्ति के बाद 'ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली NCERT किताब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। NCERT के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी ANI से इसकी पुष्टि की है। CJI सूर्यकांत ने बुधवार को इस मुद्दे पर नाराजगी जताई थी।

CJI ने कहा था- दुनिया में किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। मैं यह केस खुद हैंडल करूंगा। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने अभिषेक सिंघवी के साथ CJI सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने यह मामला उठाया था। सिब्बल ने बताया कि NCERT के क्लास 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह बहुत निंदनीय है। सिंघवी ने कहा कि किताब में राजनीति, ब्यूरोक्रेसी और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार का कोई जिक्र नहीं है। NCERT ने मान लिया है कि और जगह भ्रष्टाचार है ही नहीं।

इसपर CJI ने कहा- मुझे इसकी जानकारी है। यह एक सोची-समझी और गहरी साजिश लगती है। मुझे पता है इससे कैसे निपटना है। हम इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहते। जस्टिस बागची ने कहा कि किताब में संविधान की मूल संरचना की संवैधानिक अखंडता का अभाव है।

NCERT ने 23 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था।

# अमेरिकी संसद में ट्रम्प बोले- भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई, गाजा सीजफायर बड़ी जीत

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प यह बात 100 से ज्यादा बार दोहरा चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है। अपने भाषण में ट्रम्प ने इजराइल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया। ट्रम्प ने ईरान को लेकर दावा किया कि अमेरिका ने पिछले साल जुलाई में हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया था। साथ ही 28 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया।



**ईरान को चेतावनी:** ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम को खत्म दिया गया है।

**भारत- पाकिस्तान संघर्ष पर दावा:** ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान जंग में 3.5 करोड़ मौतें रोकीं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि

❒ वेनेजुएला नया दोस्त, ईरान ने 32000 लोग मारे, उसका परमाणु कार्यक्रम तबाह किया

दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

**गाजा संघर्ष विराम:** ट्रम्प ने गाजा में इजराइल-हमास सीजफायर को कामयाब बताया, जिससे सभी इजराइली बंधक रिहा हो गए।

**महंगाई और ऑयल प्रोडक्शन:** ट्रम्प ने कहा कि महंगाई के लिए डेमोक्रेट्स जिम्मेदार हैं और उनकी नीतियों से कीमतें तेजी से नीचे आ रही हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में तेल का प्रोडक्शन रोज करीब 6 लाख बैरल से ज्यादा बढ़ा है।

**टैरिफ और व्यापार नीति:** ट्रम्प ने सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नए 15% वैश्विक टैरिफ लागू करने की बात कही।


**एनर्जी प्रोडक्शन और वेनेजुएला:** ट्रम्प ने तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने की बात की और वेनेजुएला को अमेरिका का नया दोस्त बताया।

# हरियाणा के 590 करोड़ घोटाले में 4 गिरफ्तार

**एजेंसी, पंचकूला**

हरियाणा के सरकारी डिपार्टमेंट के खातों में 590 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को पंचकूला में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) के चीफ एएस चावला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। चावला ने बताया कि 23 फरवरी को पंचायत विभाग से एक पत्र मिला था, जिसमें गबन की जानकारी दी गई थी। इसके बाद एसीबी में मुकदमा नंबर 4 दर्ज किया गया। इस मामले में पहले रिभव ऋषि और अभय को गिरफ्तार किया गया। रिभव IDFC बैंक का मैनेजर है, जबकि अभय बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर था। बैंक ने सारा पैसा हरियाणा सरकार को लौटा दिया है। ये दोनों मुख्य आरोपी हैं और इन्होंने ही इस घोटाले की प्लानिंग की थी। दोनों को कल शाम को राउंड अप किया गया।

जांच में पता चला कि एक स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट के खाते में करीब 300 करोड़ रुपए गए थे। इसके अलावा, AU स्मॉल फाइनेंस बैंक में भी पैसा गया। स्वाति सिंगला अभय की पत्नी है और एक निजी कंपनी की मालिक है। स्वाति के भाई अभिषेक को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं, इस फ्रॉड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।



सरकार को पिछले साल जुलाई में ही इस गड़बड़ी की भनक लग गई थी। इसे लेकर वित्त विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (ACS) ने सभी विभागों को लेटर लिखकर अलर्ट भी किया।

वित्त विभाग ने अपने लेटर में लिखा कि कुछ विभाग बैंक खातों के संचालन और एफडी करवाने में नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। निर्धारित निकटता मानदंडों का पालन किए बिना बैंकों/शाखाओं में खाते खोले जा रहे हैं। बैंक खाते खोलने में व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के आधार पर बैंक और शाखा का चयन किया जा रहा है। एफडी करवाने के लिए भी प्रबंधन में पक्षपात के संकेत मिल रहे हैं। पंचकूला स्थित कई कार्यालयों ने निर्धारित निर्देशों के विपरीत, बिना किसी वैध औचित्य के चंडीगढ़ में खाते खोले हैं। ऐसी प्रथाएं सार्वजनिक निधियों के प्रबंधन में वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और निष्पक्षता से समझौता करती हैं। लेटर में वित्त विभाग ने लिखा था कि सभी विभागों को निर्देश दिया जाता है कि आप अपने संगठन द्वारा रखे गए सभी बैंक खातों और सावधि जमा का 15 दिनों के भीतर इंटरनल अकाउंटस की जांच करें। अकाउंटस विभाग की जांच में यह देखा जाए कि वित्त विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार खाते खोले गए हैं? क्या आवश्यक अनुमोदन प्राप्त किए गए हैं? क्या किसी सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है?

♦ सरकार को 7 महीने पहले लगी बैंक फ्रॉड की भनक, एसीएस ने लेटर से अलर्ट किया था


यदि सुधारात्मक उपाय आवश्यक पाए जाते हैं, तो उन्हें अगले 15 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए और 30 जुलाई, 2025 तक वित्त विभाग को एक विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह कार्य आपके लेखा विभाग द्वारा कड़ी निगरानी में किया जाना चाहिए। वित्त विभाग भी विचलनों की सीमा का आकलन करने के लिए अपनी लेखापरीक्षा करेगा। किसी भी गैर-अनुपालन के लिए जवाबदेही तय की जाएगी।

# अरुणाचल की महिलाओं पर नस्लीय कमेंट करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी रूबी जैन और उसके पति हर्ष सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को SC/ST Act के तहत गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने कपल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। इससे पहले मंगलवार को हर्ष सिंह ने न्यूज एजेंसी ANI से कहा कि हम शर्मिंदा हैं। ये सब कुछ हीट ऑफ द मोमेंट में हो गया। हर्ष ने कहा कि मामले में हम दिल्ली पुलिस का पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उनका ऑफिस पहले दिन से ही पीड़ितों व दिल्ली पुलिस के लगातार संपर्क में है। कहा आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

रिजिजू ने कहा कि मामले में गिरफ्तारियां की गई हैं। उन्होंने कहा



कि राष्ट्रीय राजधानी में नॉर्थईस्ट के लोगों के खिलाफ किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को अधिकारी गंभीरता से लेते हैं। अगर दिल्ली में नॉर्थईस्ट के किसी भी व्यक्ति के साथ कोई घटना होती है, तो हम तुरंत कार्रवाई करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं खुद फॉलो-अप कर रहा हूं। हम सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे और सबक सिखाएंगे कि नॉर्थईस्ट के लोगों के साथ बुरा बर्ताव नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि नॉर्थईस्ट के बच्चों को पहले टॉर्चर किया जाता था। वे उन्हें पीटते थे और फेंक देते थे और कोई उनसे सवाल नहीं करता था और पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती थी।

# दिल्ली पुलिस ने शिमला से 3 कांग्रेस वर्कर गिरफ्तार किए

**एजेंसी, शिमला**

दिल्ली पुलिस ने हिमाचल प्रदेश से तीन इंडियन यूथ कांग्रेस वर्कर को बुधवार सुबह शिमला के रोहड़ू से गिरफ्तार किया। पुलिस इन्हें लेकर दिल्ली जा रही थी। हिमाचल पुलिस को जब इसकी भनक लगी तो दिल्ली पुलिस को कंडाघाट के साथ रोका और गिरफ्तार किए तीनों लड़कों को छुड़ाया। इसके बाद शिमला पुलिस ने दिल्ली पुलिस जवानों की आइडेंटिटी जांची और गिरफ्तार किए गए तीनों लड़कों को जिला कोर्ट चक्कर लेकर आई। अब इन्हें चक्कर कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

हिमाचल ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को अवैध बताकर यह एक्शन लिया है, क्योंकि प्रदेश पुलिस को तीन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं



दी गई। इससे हिमाचल और दिल्ली की पुलिस आमने-सामने आ गई है। इस मामले में हिमाचल पुलिस ने अपने मुंह सिल दिए है। SP-DGP तक इस मामले में बोलने को तैयार नहीं है।

सूत्रों के अनुसार- दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई AI समिट 2026 के दौरान टी-शर्ट उतारकर दिल्ली में प्रदर्शन मामले में की है। सूत्र बताते हैं कि जिन इंडियन यूथ कांग्रेस के अरबाज, सौरव और सिदार्थ को गिरफ्तार किया गया है, वह हिमाचल के नहीं और दूसरे राज्यों के है।

# बंगाल एसआईआर-पहचान सत्यापन में एडमिट कार्ड अकेले मान्य नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के दौरान 10वीं या माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड अकेले पहचान के रूप में मान्य नहीं होगा। इसे सिर्फ सहायक (पूरक) दस्तावेज माना जाएगा। एडमिट कार्ड तभी मान्य होगा जब उसके साथ मार्कशीट भी दी जाए। सीनीयर एडवोकेट डीएस नायडू ने सुप्रीम कोर्ट के सामने मामला उठाते हुए पूछा था कि क्या क्लास 8वीं की परीक्षा का एडमिट कार्ड अपने आप में पहचान पत्र रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि क्लास 8वीं की मार्कशीट पहचान सत्यापन के लिए मान्य दस्तावेजों में शामिल है। एडमिट कार्ड सिर्फ उसी की पुष्टि के लिए जोड़ा जा सकता



है। एडमिट कार्ड सिर्फ सहायक कागज है, यह अकेले पहचान का आधार नहीं बन सकता। पश्चिम बंगाल समेत 12 राज्यों में SIR के फेज 2 के तहत वोटर वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी है। यहां पर 28 फरवरी को फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश होगी। बंगाल में प्रक्रिया के दौरान राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच खींचतान चल रही है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट मामले पर सुनवाई कर रहा है।

**अधूरे दस्तावेज 26 फवरी की शाम तक जमा करने का निर्देश:** कोर्ट ने 24 फरवरी 2026 के अपने आदेश का हवाला देते हुए कहा कि जो दस्तावेज अभी तक अपलोड नहीं हुए हैं और 15 फरवरी से पहले मिले थे, उन्हें संबंधित ईआरओ और एईआरओ गुरुवार शाम 5 बजे तक न्यायिक अधिकारियों के सामने पेश करें।

**पास प्रमाणपत्र के बिना एडमिट कार्ड मान्य नहीं:** कोर्ट ने कहा कि जन्मतिथि और पिता का नाम साबित करने के लिए मार्कशीट के साथ एडमिट कार्ड दिया जा सकता है। लेकिन एडमिट कार्ड अकेले मान्य नहीं होगा। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि जिन लोगों ने परीक्षा नहीं दी या पास नहीं की, उनके पास भी एडमिट कार्ड हो सकता है। इस पर कोर्ट ने साफ किया कि एडमिट कार्ड तभी मान्य होगा, जब उसके साथ पास प्रमाणपत्र भी हो।

# भारत-इज़राइल सामरिक समीकरण, हेक्सागन की अवधारणा से भूचाल-मुस्लिम देशों की एकता को विभाजित करने क़े कयास-दक्षिण एशिया- मध्य पूर्व की नई भू-राजनीति -समग्र अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण



लोकतंत्र की शान

» संभवतःहेक्सागनका घोषित उद्देश्य कट्टरपंथी शक्तियों, विशेषकर ईरान-समर्थित नेटवर्क और उग्रवादी संगठनों के विरुद्ध समन्वित रणनीति बनाना है

» भारत-इज़राइल संबंधों की प्रगति, संभावित हेक्सागन ढाँचा,पाकिस्तान की कूटनीतिक प्रतिक्रिया और मध्य पूर्व की बदलती राजनीति पर दुनियाँ की नज़र -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र





**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें यह देखकर महसूस कर रही है कि भारतीय पीएम का 25 से 26 फ़रवरी 2026 क़ा दो दिवसीय राजकीय दौरे पर इज़राइल पहुँचना केवल एक द्विपक्षीय यात्रा नहीं,बल्कि 21वीं सदी की बदलती वैश्विक संरचना का प्रतीकात्मक और रणनीतिक संकेत है।इस यात्रा में उनकी मुलाकात इज़राइल के पीएम और राष्ट्रपति से प्रस्तावित है, साथ ही इज़राइली संसद नेसेट को संबोधित करना एक विशेष कूटनीतिक सम्मान माना जा रहा है। किसी भी विदेशी नेता को नेसेट में भाषण का अवसर मिलना इज़राइल की राजनीतिक प्रणाली में उच्च स्तरीय विश्वास और साझेदारी का संकेत है।पीएम का यह दूसरा इज़राइल दौरा है,जो यह दर्शाता है कि 2017 में स्थापित खुले और प्रत्यक्ष राजनीतिक संवाद की निरंतरता अब सामरिक गहराई में परिवर्तित हो रही है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह महसूस कर रहा हूं कि इस यात्रा का एक रोचक आयाम यह भी है कि पीएम की उड़ान को वैश्विक स्तरपर सबसे अधिक ट्रैक किया गया।अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट-ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म फ्लाइटराडार 24 के आंकड़ों के अनुसार, उनकी फ्लाइट की रियल-टाइम लोकेशन,गति और रूट को दुनियाँ भर के उपयोगकर्ताओं ने अभूतपूर्व संख्या में ट्रैक किया। यह केवल तकनीकी जिज्ञासा नहीं थी,बल्कि वैश्विक राजनीतिक समुदाय की उस उत्सुकता का द्योतक था जो भारत-इज़राइल समीकरण के संभावित प्रभावों को लेकर मौजूद है। जब किसी राष्ट्राध्यक्ष की यात्रा इस स्तर की डिजिटल निगरानी आकर्षित करे,तो यह संकेत देता है कि उसके निर्णय और वार्ताएँ क्षेत्रीय शक्ति- संतुलन को प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं। साथियों बात अगर हम इस राजकीय दौरे क़े संदर्भ में कुछ इस्लामिक देश व पड़ोसी मुल्क की चिंता को समझने की करें तो स्वाभाविक रूप से यह उभरती है। इस्लामाबाद लंबे समय से भारत-इज़राइल रक्षा सहयोग को अपनी सुरक्षा नीति के दृष्टिकोण से देखता रहा है। पाकिस्तान की संसद, विशेषकर सीनेट, ने 24 फरवरी 2026 को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर भारत- इज़राइल सामरिक समीकरण और तथाकथित हेक्सागन अलायंस की अवधारणा पर आपत्ति दर्ज की। इस प्रस्ताव में आरोप लगाया गया कि यह गठबंधन मुस्लिम देशों की एकता को विभाजित करने का प्रयास है और क्षेत्रीय शांति के लिए चुनौती बन सकता हैपाकिस्तान की राजनीतिक भाषा में यह प्रतिक्रिया केवल कूटनीतिक बयान नहीं, बल्कि उसकी सुरक्षा-मानसिकता और भू- राजनीतिक आशंकाओं का प्रतिबिंब है।हेक्सागन अलायंस की अवधारणा, जिसे नेतन्याहू ने एक कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत किया,मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में गठबंधनों के एक नए तंत्र की ओर संकेत करती है। इस प्रस्तावित संरचना में भारत, इज़राइल, ग्रीस, साइप्रस और कुछ उदारवादी अरब तथा अफ्रीकी देशों के शामिल होने की चर्चा है।इसका घोषित उद्देश्य कट्टरपंथी शक्तियों, विशेषकर ईरान-समर्थित नेटवर्क और उग्रवादी संगठनों के विरुद्ध समन्वित रणनीति बनाना है। यदि इसे व्यापक भू- राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो यह पश्चिम एशिया में उभरते बहुपक्षीय सुरक्षा ढाँचों की निरंतरता का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसमें क्षेत्रीय शक्तियाँ अमेरिका की पारंपरिक भूमिका से परे स्वयं की सामूहिक सुरक्षा संरचना विकसित करना चाहती हैं।पाकिस्तान की सीनेट द्वारा पारित प्रस्ताव में यह भी आरोप लगाया गया कि यह गठबंधन मुस्लिम उम्माह की एकता को तोड़ने की साजिश है। किंतु अंतरराष्ट्रीय संबंधों के यथार्थवादी दृष्टिकोण से देखें तो गठबंधन प्रायः साझा हितों और सुरक्षा-चिंताओं के आधार पर बनते हैं,न कि धार्मिक पहचान के आधार पर।भारत स्वयं एक बहुलतावादी लोकतंत्र है, जिसकी विदेश नीतिऐतिहासिक रूप से गुटनिरपेक्षता और रणनीतिक स्वायत्तता पर आधारित रही है। इज़राइल के साथ उसकी साझेदारी को केवल धार्मिक या वैचारिक चश्मे से देखना भू- राजनीतिक वास्तविकताओं को सरल बनाकर सटीक रूप से प्रस्तुत करना होगा। साथियों बात अगर हम इस पूरे घटनाक्रम में एक अन्य महत्वपूर्ण तत्व सोमालीलैंड की मान्यता के मुद्दे को समझने की करें तो,26 दिसंबर 2025 को इज़राइल द्वारा सोमालीलैंड को स्वतंत्र और संप्रभु राज्य के रूप में मान्यता देने की घोषणा ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नई बहस छेड़ दी। पाकिस्तान और लगभग 20 अन्य देशों के साथ-साथ आर्गेनाईजेशन ऑफ़ इस्लामिक कोआपरेशन ने इसकी आलोचना कीपाकिस्तान की सीनेट ने अपने प्रस्ताव में इस निर्णय को भी क्षेत्रीय संप्रभुता के विरुद्ध बताया। यह स्पष्ट है कि इज़राइल की यह नीति मुस्लिम- बहुल देशों के एक हिस्से में असंतोष का कारण बनी है, और भारत- इज़राइल समीकरण को उसी व्यापक संदर्भ में जोड़ा जा रहा है।भारत के दृष्टिकोण से यह यात्रा केवल रक्षा सौदों तक सीमित नहीं है। मध्य पूर्व भारत के ऊर्जा-स्रोतों, प्रवासी भारतीयों और व्यापारिक हितों का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इज़राइल के साथ घनिष्ठ संबंध, खाड़ी देशों के साथ भारत की मजबूत होती साझेदारी के समानांतर चल रहे हैं। पिछले वर्षों में भारत ने संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के साथ आर्थिक एवं सामरिक संबंधों को सुदृढ़ किया है। अतः यह मान लेना कि भारत किसी मुस्लिम-विरोधी धुरी का हिस्सा बन रहा है,एक अतिसरलीकरण होगा। भारत की नीति संतुलन, बहुपक्षीय सहयोग और व्यावहारिक कूटनीति पर आधारित है। साथियों बात अगर हम मीडिया कवरेज में जिस प्रकार भूचाल और नींद उड़ने जैसे शब्दों का प्रयोग हो रहा है, इसको समझने की करें तो वह इस विषय की संवेदनशीलता को दर्शाता है। किंतु कूटनीति में भावनात्मक प्रतिक्रियाओं से अधिक महत्व दीर्घकालिक हितों का होता है। भारत और इज़राइल दोनों ही लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ हैं, जो अपनी सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए साझेदारी कर रहे हैं। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया उसकी रणनीतिक चिंताओं का हिस्सा है,परंतु इससे यह निष्कर्ष निकालना कि क्षेत्र युद्ध या अस्थिरता की ओर बढ़ रहा है, अभी जल्दबाजी होगी। साथियों बात अगर हम भारत और इज़राइल के बीच रणनीतिक साझेदारी को समझने की करें तो बीते एक दशक में बहुआयामी स्वरूप ले चुकी है।रक्षा और सुरक्षा सहयोग तो इसकी धुरी रहे हैं,किंतु विज्ञान एवंप्रौद्योगिकी कृषि नवाचार,जल प्रबंधन, साइबर सुरक्षा,स्टार्टअप पारिस्थितिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भी साझेदारी गहराई है।भारत के लिए इज़राइल अत्याधुनिक सैन्य तकनीक, ड्रोन प्रणाली, मिसाइल रक्षा और निगरानी तंत्र का विश्वसनीय स्रोत रहा है,जबकि इज़राइल के लिए भारत एक विशाल बाजार,तकनीकी प्रतिभा और रणनीतिक गहराई प्रदान करता है। इस यात्रा में दोनों नेताओं द्वारा रक्षा सौदों, संयुक्त उत्पादन और लेजर- आधारित हवाई रक्षा प्रणाली पर चर्चा की संभावना ने विशेष ध्यान आकर्षित किया है। यदि भारत इज़राइल की उन्नत लेजर एयर-डिफेंस प्रणाली का भागीदार बनता है,तो यह दक्षिण एशिया में शक्ति-संतुलन को नई दिशा दे सकता है।

साथियों बात अगर हम नेसेट में भारतीय पीएम क़े संबोधन को समझने की करें तो इस साझेदारी के प्रतीकात्मक चरम का प्रतिनिधित्व करेगा। यह भाषण न केवल द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करेगा,बल्कि संभवत वैश्विक शांति, आतंकवाद -रोधी सहयोग और तकनीकी साझेदारी के साझा दृष्टिकोण को भी रेखांकित करेगा। इज़राइल के लिए भारत एक उभरती वैश्विक शक्ति है, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं भारत के लिए इज़राइल एक ऐसा तकनीकी साझेदार है जो नवाचार और सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। इस परस्परता ने दोनों देशों को स्वाभाविक साझेदार बना दिया है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस यात्रा को समझने की करें तो, अमेरिका यूरोप और मध्य पूर्व के नीति-निर्माताओं द्वारा ध्यानपूर्वक देखा जा रहा है। यदि हेक्सागन जैसी कोई संरचना औपचारिक रूप लेती है, तो यह पश्चिम एशिया में शक्ति-संतुलन को पुनर्परिभाषित कर सकती है।इससे ईरान- केन्द्रित धुरी और उसके सहयोगी देशों की रणनीति पर भी प्रभाव पड़ेगा। दक्षिण एशिया में भारत की रक्षा-क्षमता में वृद्धि पाकिस्तान के रणनीतिक गणित को बदल सकती है, जिससे क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा का नया चरण प्रारंभ हो सकता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि भारतीय पीएम की यह यात्रा 21वीं सदी के बहुध्रुवीय विश्व में उभरते नए समीकरणों का प्रतीक है।यह दर्शाती है कि राष्ट्र अब वैचारिक सीमाओं से परे व्यावहारिक साझेदारी की ओर अग्रसर हैं। भारत-इज़राइल संबंधों की प्रगति, संभावित हेक्सागन ढाँचा,पाकिस्तान की कूटनीतिक प्रतिक्रिया और मध्य पूर्व की बदलती राजनीति-ये सभी मिलकर उस वैश्विक परिदृश्य का निर्माण कर रहे हैं जहाँ गठबंधन लचीले,बहुस्तरीय और हित-आधारित होंगे।आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि यह साझेदारी क्षेत्रीय स्थिरता को सुदृढ़ करती है या प्रतिस्पर्धा को तीव्र बनाती है,किंतु फिलहाल इतना निश्चित है कि यह यात्रा अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हो चुकी है।

**-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
**9284141425**

## सुप्रीम कोर्ट ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में अवैध रूप से रह रहे निवासियों को रेलवे की जमीन खाली करने का आदेश दिया है, जिससे 50,000 से अधिक निवासी प्रभावित होंगे



लोकतंत्र की शान , सुनील नेगी

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि नैनीताल जिले के हल्द्वानी स्थित बनभूलपुरा के निवासियों को रेलवे की उस जमीन को आखिरकार खाली करना होगा जिस पर वे कई दशकों से रह रहे हैं। गौरतलब है कि रेलवे ने इस क्षेत्र से अवैध रूप से रह रहे इन निवासियों को कई बार बेदखल करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें हटाने में असफल रहा। अंततः पीड़ित निवासियों ने राहत के लिए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और उज्ज्वल भुयान की तीन न्यायाधीशों की पीठ का यह फैसला बनभूलपुरा के पचास हजार से अधिक निवासियों के लिए वाकई चौंकाने वाला है, जो कई दशकों से यहां रह रहे हैं और सर्वोच्च न्यायालय से राहत की उम्मीद कर रहे थे। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने अधिकारियों और क्षेत्र के डीएम को क्षेत्र में शिविर आयोजित करने और पुनर्वास के योग्य परिवारों की पहचान करने का निर्देश दिया और अधिकारियों को जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि निवासियों को रेलवे की ज़मीन पर अवैध रूप से रहने का कोई अधिकार नहीं है और वे बुनियादी ढांचे के विकास के संबंध में रेलवे अधिकारियों पर अपनी शर्तें नहीं थोप सकते। दिसंबर 2022 में सर्वोच्च न्यायालय ने निवासियों को जनवरी 2023 तक के लिए स्थगन आदेश दिया था। बंभूलपुरा के अधिकांश निवासी अल्पसंख्यक समुदाय से हैं और कई दशकों से यहां रह रहे हैं। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने 2022 में अनधिकृत निर्माणों को हटाने के आदेश जारी किए थे, जिससे काफी तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई थी। प्रभावित निवासियों ने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया, जिसने 23 जनवरी तक रोक लगा दी। निवासियों का दावा है कि उनके पास सरकार द्वारा प्रदान किए गए सभी बिजली और पानी के कनेक्शन हैं, साथ ही सभी आवश्यक प्रमाण भी हैं। रेलवे का दावा है कि अवैध अतिक्रमण दो दशक पहले हुआ था, लेकिन निवासियों का कहना है कि वे स्वतंत्रता के बाद से यहां रह रहे हैं, कुछ का कहना है कि वे सौ साल से भी अधिक समय से रह रहे हैं। वर्ष 2007 में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने पहली बार इस भूमि को अवैध अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने के निर्देश जारी किए थे। अवैध खनन से संबंधित एक जनहित याचिका के माध्यम से यह मुद्दा 2013 में फिर से उठा, जिसके परिणामस्वरूप 2016 में न्यायालय ने भूमि को अवैध अतिक्रमणों से मुक्त कराने का निर्देश दिया। रेलवे के पास बनभूलपुरा में तीस एकड़ भूमि है और वह एक परियोजना का निर्माण करना चाहता है, जिसके लिए राज्य सरकार अतिरिक्त भूमि और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए भी तैयार है।

## कश्मीर से कोलकाता तमिलनाडु तक आतंक के तार



लेखक - मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में देश में एक बार फिर बड़ी आतंकी साजिश बेनकाब हुई है. पाकिस्तान आइएसआइ और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों की शह पर बड़ी आतंकी साजिश रचने वाले 8 संदिग्धों को कल गिरफ्तार किया गया . उनकी गिरफ्तारी को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बीते दस दिनों में दिल्ली और कोलकाता के कई इलाकों में "फ्री कश्मीर" और "कश्मीर में जनसंहार बंद करो" जैसे पोस्टर लगाने की घटना के बाद शुरू हुई जांच अब एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क तक पहुंच गई है. इस पूरे ऑपरेशन में अब तक कुल 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है 6 तमिलनाडु से और 2 पश्चिम बंगाल से हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, पोस्टर लगाने की घटना के बाद संदिग्ध तुरंत दिल्ली और कोलकाता से निकलकर अपने-अपने ठिकानों पर लौट गए थे. इस मामले में सबसे पहले मालदा से दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, जिनसे पूछताछ और मोबाइल डेटा एनालिसिस के आधार पर तमिलनाडु में सक्रिय मॉड्यूल का पता चला. इसके बाद तिरुप्पुर जिले के उथुकुली (2), पल्लडम (3) और तिरुमुरुगनपूंडी (1) स्थित गारमेंट यूनिट्स पर छापेमारी करते हुए छह और आरोपियों को पकड़ा गया.तमिलनाडु से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल के रूप में हुई है. इनमें से अधिकांश के बारे में पता चला है कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं और भारत में फर्जी आधार कार्ड व नकली पहचान के जरिए रह रहे थे. सभी को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है. जांच में सामने आया है कि इनका सीधा या परोक्ष संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों से था. कुछ संदिग्ध हाल ही में बांग्लादेश भी गए थे, जहां वे सक्रिय आतंकी नेटवर्क के संपर्क में आए. सुरक्षा एजेंसियों ने कोलकाता में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की गहरी पैठ और एक सुनियोजित साजिश का सनसनीखेज खुलासा किया है। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी उमर फारूक ने कोलकाता महानगर को ही अपना मुख्य परिचालन केंद्र बना लिया था और वह लश्कर के एक सक्रिय हैंडलर के तौर पर काम कर रहा था। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि उमर का संपर्क मार्च 2025 में कश्मीर निवासीसब्बिर अहमद लोन से हुआ था, जिसके बाद कोलकाता को दहलाने की खतरनाक साजिश की पटकथा लिखी गई। इस नेटवर्क ने सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए न केवल हिंदू नामों का सहारा लिया, बल्कि शहर के अति-संवेदनशील धार्मिक स्थलों की रेकी कर उनके वीडियो सीमा पार अपने आकाओं को भेजे।खुफिया एजेंसियों के दावे के मुताबिक, हैंडलर सब्बिर के सीधे निर्देश पर उमर ने कोलकाता में एक किराए का मकान लिया था. जिसे साजिश को अंजाम देने के लिए सेफ हाउस के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। जांच में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि आतंकियों के निशाने पर चांदनी चौक इलाके के पास स्थित एक प्रमुख मंदिर था। उमर और उसके साथियों ने अपनी पहचान छिपाकर इस मंदिर की येह ली और उसका विस्तृत वीडियो बनाकर कश्मीर मेंबैठे अपने हैंडलर को भेजा। माजिश का दायरा केवल रेकी तक सीमित नहीं था सुरक्षा बलों को पुख्ता इनपुट मिले हैं कि यह मॉड्यूल शहर में विस्फोटक और आधुनिक हथियार जुटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर चुका था। दिसंबर 2024 से ही कोलकाता के विभिन्न हिस्सों में रेकी की जा रही थी और माहौल को अस्थिर करने के लिए देश विरोधी पोस्टर लगाने की भी योजना बनाई गई थी। उमर और उसके गिरोह नैखेची-समझी रणनीति के तहत हिंदू नामों का उपयोग किया ताकि स्थानीय लोगों और पुलिस की रडार से बचा जा सके। खुफियाअधिकारियों का मानना है कि यदि समय रहते इस मॉड्यूल का पर्दाफाश नहीं होता, तो कोलकाता किसी बड़ी आतंकी त्रासदी का गवाह बन सकता था। फिलहाल, सुरक्षा एजेंसियां उम्र से मिली जानकारी के आधार पर इस नेटवर्क की अन्य कड़ियों को जोड़ने में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि महानगर में उन्हें स्थानीय स्तर पर औरकिन लोगों से रसद व अन्य सहायता मिल रही थी।एसटीएफ ने दूसरे के आधार कार्ड पर भारतीय सिम सक्रिय कर उनका ओटीपी पाकिस्तान भेजने बाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुर्शिदाबाद के बहारमपुर से पकड़े गए आरोपी का नाम सुमन शेख है। वह पुणे में काम के दौरान पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में आया था। जांच में खुलासा हुधा है कि सुमन फर्जी आधार कार्ड के जरिए प्री-एक्टिवेटेड सिम खरीदता और उनके नंबर व व्हाट्सऐप ओटीपी सीमा पार भेज देता था। इसके बदले उसे क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान किया जाता था। इन सिम काईस का इस्तेमाल जासूसी या साइबर ठगी के लिए होने की आशंका है। पुलिस सूत्रों के मुताविक, इस नेटवर्क के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ हो सकता है। आपको पता रहे कि मालदा जिले के मानिकचक थाना अंतर्गत गोपालपुर ग्राम पंचायत के अशिनटोला गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब सुरक्षा एजेंसियों ने लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठन से जुड़े होने के संदेह में उमर फारूक नामक युवक को गिरफ्तार किया। साठवीं कक्षा तक पढ़े इस युवक की गिरफ्तारी ने न केवल इलाके में सनसनी फैला दी है, बल्कि राज्य में सक्रिय आतंकी मॉड्यूल्स की मौजूदगी को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, इस पूरे मामले में सबसे अधिक चौंकाने वाली बात उमर फारूक के परिवार के सदस्यों द्वारा दिए गए बयानों में मौजूद भारी विरोधाभास है । उमर फारूक की मां ने अपने बयान में एक और बेटे की नासमझी का तर्क दिया है तो दूसरी और अनजाने में ही सही पर एक गंभीर संलिप्तता की ओर इशारा किया है। उनका कहना है कि उमर पूरी तरह अशिक्षित है और उसे किसी भी संगठन की विचारधारा की समझ नहीं है। मां के अनुसार, संभव है कि पैसों के लालच में आकर उसने कुछ पोस्टर लगाए हों, लेकिन उसे यह बिल्कुल भी पता नहीं था कि वे पोस्टर किसी उग्रवादी संगठन के हैं। उन्होंने दावा किया कि उनका बेटा किसी भी प्रकार की राष्ट्रविरोधी गतिविधि में जानबूझकर शामिल नहीं हो सकता। यहीं दूसरी ओर, उमर की पत्नी ने अपनी सास के दावे को पूरी तरह से खारिज करते हुए अपने पति को बेकसूर और साजिश का शिकार बताया है। पत्नि का कहना है कि उम्र सालों से कोलकाता में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था और उन्होंने कभी भी उसके व्यवहार में कोई संदिग्ध बदलाव या किसी अज्ञात व्यक्ति से उसके संपर्क को नहीं देखा। एजेंसियां फिलहाल उबर के इन अलग-अलग दावों और पारिवारिक विरोधाभासों की बारीकी से जांच कर रही हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या यह कोलकाता में मजदूरी की आड़ में किसी आतंकी मॉड्यूल के लिए स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहा था। अधिकारियों का मानना है कि परिवार के बयानों में यह अंतर किसी बड़ी सच्चाई को छिपाने की कोशिश भी हो सकता है। फिलहाल पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के जरिए यह स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है कि उमर की वास्तविक भूमिका क्या थी और वह किन लोगोंके निर्देश पर काम कर रहा था।

## केरल' से 'केरलम': पहचान की पुनर्स्थापना या राजनीतिक रणनीति?



लेखक- कांतिलाल मांडोत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, राजनीतिक और संवैधानिक बहस का विषय बन गया है। यह फैसला उस प्रस्ताव की अगली कड़ी है जिसे राज्य विधानसभा पहले ही पारित कर चुकी थी। अब प्रश्न यह है कि इस नाम परिवर्तन से राज्य को वास्तविक लाभ क्या होंगे, संभावित हानियां क्या हो सकती हैं, इसका चुनावी राजनीति पर क्या असर पड़ेगा और क्या इससे भारतीय जनता पार्टी को कोई राजनीतिक फायदा मिल सकता है। सबसे पहले लाभ की बात करें तो समर्थकों का तर्क है कि 'केरलम' नाम राज्य की भाषाई और सांस्कृतिक पहचान के अधिक अनुरूप है। मलयालम भाषा में राज्य को 'केरलम' कहा जाता है, इसलिए यह परिवर्तन स्थानीय अस्मिता और आत्मसम्मान को मजबूती देता है। भारत में पहले भी कई राज्यों ने अपनी ऐतिहासिक या भाषाई पहचान के अनुरूप नाम बदले हैं—जैसे ओडिशा (पूर्व नाम उड़ीसा) और उत्तराखंड (पूर्व नाम उत्तरांचल)। इन उदाहरणों से यह तर्क दिया जाता है कि नाम परिवर्तन कोई असामान्य कदम नहीं, बल्कि समय के साथ पहचान के परिष्कार की प्रक्रिया है। दूसरा संभावित लाभ सांस्कृतिक ब्रांडिंग का है। 'केरलम' नाम पर्यटन, आयुर्वेद, बैकवाटर्स और पारंपरिक कला रूपों की वैश्विक पहचान को स्थानीय भाषा से जोड़ सकता है। जब कोई राज्य अपनी मूल सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को आधिकारिक रूप देता है तो वह अपने नागरिकों में गौरव की भावना उत्पन्न करता है। इससे प्रवासी समुदाय, विशेषकर खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों मलयाली लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत हो सकता है। यह मनोवैज्ञानिक लाभ सीधे आर्थिक लाभ में बदले या न बदले, लेकिन सामाजिक आत्मविश्वास को बढ़ाने में भूमिका निभा सकता है। हालांकि, इसके साथ कुछ व्यावहारिक चुनौतियां और संभावित हानियां भी जुड़ी हैं। नाम बदलने की प्रक्रिया में प्रशासनिक दस्तावेजों, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों, सरकारी वेबसाइटों, कानूनी अभिलेखों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय समझौतों में संशोधन की आवश्यकता होगी। यह प्रक्रिया समय और संसाधन दोनों लेती है। आलोचकों का कहना है कि जब राज्य बेरोजगारी, बाढ़ प्रबंधन, कर्ज बोझ और बुनियादी ढांचे जैसी चुनौतियों से जूझ रहा हो, तब नाम परिवर्तन प्राथमिकता नहीं होना चाहिए। उनका तर्क है कि इससे प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ सीमित हैं, जबकि प्रशासनिक लागत वास्तविक है। चुनावी असर के संदर्भ में यह निर्णय दिलचस्प है। केरल में लंबे समय से वामपंथी दलों और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन का वर्चस्व रहा है। भाजपा यहां अब तक सीमित प्रभाव ही बना पाई है। ऐसे में यदि नाम परिवर्तन का निर्णय केंद्र सरकार की मंजूरी से आगे बढ़ता है, तो भाजपा इसे "संस्कृति के सम्मान" और "संविधान सम्मत प्रक्रिया" के रूप में प्रस्तुत कर सकती है। यह संदेश देने की कोशिश हो सकती है कि केंद्र क्षेत्रीय पहचान के खिलाफ नहीं, बल्कि उसके साथ है। इससे भाजपा को यह नैरेटिव गढ़ने का अवसर मिल सकता है कि वह केवल हिंदी पट्टी की पार्टी नहीं, बल्कि दक्षिण भारत की आकांक्षाओं को भी समझती है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि केरल की राजनीति अत्यंत जागरूक और वैचारिक रूप से परिपक्व मानी जाती है। यहां मतदाता केवल प्रतीकात्मक मुद्दों पर वोट नहीं देते, बल्कि सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और धर्मनिरपेक्षता जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं। इसलिए केवल नाम परिवर्तन से चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव आ जाए, यह मान लेना जल्दबाजी होगी।

## सियासी लड़ाई लड़ो मगर पॉजिटिव...

लोकतंत्र की शान , इकबाल हिंदुस्तानी



आजकल नजीबाबाद में सियासी माहौल काफी गर्म है, जबकि विधानसभा चुनाव अभी एक साल दूर है लेकिन जिनको विधायक बनना है या बने रहना है उनके लिये एक साल ही नहीं एक एक पल एक एक वोटर और एक एक सपोर्टर बहुत अहम है, इसलिए यह सियासी चर्चा काफी पहले ही शुरू हो गई थी, इसमें कोई बुराई भी नहीं है, लेकिन सियासत स्वस्थ होनी चाहिए। किसी भी दल के किसी भी नेता का झूठ धोखा अपनी ही पार्टी के दूसरे गुट के नेताओं की पीठ में छुरा मारना पर्सनल हमले करना और साम दाम दंड भेद से जनता को गुमराह करना ठोस विकास का बुनियादी काम न कर फ़र्ज़ी दावे वादे और रूटीन में होने वाले सरकारी कामों का श्रेय लेना मुनासिब नहीं कहा जा सकता। हालांकि जब कोई जनप्रतिनिधि या भावी प्रत्याशी अपने दावे के साथ अपने प्रस्ताव प्रयास और उपलब्धि के प्रमाणिक सबूत भी मीडिया के सामने रखता है तो उसको झुठलाने काउंटर करने या गलत साबित करने की कोशिश करने के बजाय जनता की अदालत पर छोड़ देना बेहतर है, चुनाव में दूध का दूध पानी का पानी जनता ही कर सकती है। बेशक सियासी लड़ाई हो लेकिन निष्पक्ष सकारात्मक और रचनात्मक हो। लेकिन निष्पक्ष तो बहुत बड़ी बात है कुछ लोग सियासी चर्चा ही नहीं कर सकते क्योंकि चर्चा के लिये तथ्य तर्क और प्रमाणिक आंकड़े चाहिए जो अधिकांश लोगों के पास नहीं होते, दूसरी बात ज़्यादातर लोग इधर या उधर के अंधभक्त हैं जो स्वस्थ चर्चा की जगह अपने आका के आलोचक को ट्रॉल करने लगते हैं, हम ऐसे लोगों को अपनी वॉल पर ब्लॉक कर देते हैं क्योंकि इन दो कौड़ी के चमचों के मुंह लगना अपनी एनर्जी और टाइम खराब करना है।

## बॉक्सिंग में मेवेदर और पैकियाओ के बीच ऐतिहासिक री-मैच सितंबर में

### सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फाइट के दोनों दिग्गज बॉक्सर एक बार फिर होंगे आमने-सामने

**लास वेगास (एजेंसी)।** मुक्केबाजी की दुनिया के दो सबसे बड़े दिग्गज फ्लॉयड मेवेदर जूनियर और मैनी पैकियाओ एक बार फिर प्रोफेशनल रिंग में आमने-सामने होंगे। इस ऐतिहासिक री-मैच की घोषणा कर दी गई है, जो 19 सितंबर को लास वेगास के अत्याधुनिक 'द स्फीयर' में होगा। दोनों खिलाड़ी 11 साल बाद एक बार फिर आमने-सामने होंगे। इससे पहले 2 मई 2015 को हुई उनकी



पहली भिड़ंत ने कमाई और व्यूअरशिप के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। उस फाइट से 410 मिलियन डॉलर (करीब 2680 करोड़ रुपए) का रेवेन्यू जनरेट हुआ था जबकि टिकट विंडो से 72.2 मिलियन डॉलर (करीब 470 करोड़) की कमाई हुई थी। वह मुकाबला मेवेदर ने अपने नाम किया था।

**मेवेदर का 50-0 का परफेक्ट रिकॉर्ड जबकि पैकियाओ ने पिछले साल की थी वापसी-** अमेरिका के मेवेदर ने हाल ही में रिंग में वापसी की पुष्टि की। 49 वर्षीय मेवेदर 2017 में कोनोर मैक्ग्रेगोर को हराने के बाद 50-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ रिटायर हुए थे। वहीं, फिलीपींस के 47 वर्षीय पैकियाओ ने भी 2025 में मारियो बैरियोस के खिलाफ ड्रॉ खेलकर रिंग में वापसी की है। उन्होंने करियर में 73 फाइट में से 62 जीती हैं।

## रिंकू के पिता नोएडा के अस्पताल में भर्ती

- क्रिकेटर टीम इंडिया को छोड़कर घर लौटे, जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलना मुश्किल

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** क्रिकेटर रिंकू सिंह टीम इंडिया का साथ छोड़कर घर लौट गए हैं। दरअसल, लिवर कैंसर से जूझ रहे रिंकू के पिता खानचंद सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गई। फिलहाल वे ग्रेटर नोएडा के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती हैं। मीडिया सूत्र के अनुसार मुताबिक जब रिंकू को पिता के बारे में जानकारी मिली, उस वक्त वे चेन्नई में थे। बीसीसीआई के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि रिंकू प्रैक्टिस सेशन में भी शामिल नहीं हुए। परिवार में आई मेडिकल इमरजेंसी के कारण रिंकू का 26 फरवरी को जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलना भी मुश्किल लग रहा है।

**पिता को फोर्थ स्टेज का लिवर कैंसर है-** क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह को फोर्थ स्टेज का लिवर कैंसर है। उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद घरवालों ने उन्हें ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमेगा वन के यथार्थ अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# ब्रुक शतक लगाने वाले पहले कप्तान

### बाबर लोएस्ट स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज, इंग्लैंड लगातार 5वीं बार सेमीफाइनल में




**कोलंबो (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में इतिहास रचते हुए लगातार 5वीं बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। मंगलवार रात पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर टीम इस एडिशन के नॉकआउट में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक बतौर कप्तान टी-20 वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। वहीं पाकिस्तान के बाबर आजम इस टूर्नामेंट में सबसे कम स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाजों में शामिल हो गए।

- **इंग्लैंड लगातार 5वीं बार सेमीफाइनल में-** इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में पहुंच गया है। टीम 2016 से 2026 तक लगातार पांच बार सेमीफाइनल में पहुंची है। इससे पहले पाकिस्तान और श्रीलंका चार-चार बार लगातार अंतिम चार में पहुंचे थे, लेकिन इंग्लैंड अब इस मामले में सबसे आगे निकल गया है।
- **बाबर आजम सबसे कम स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज-** टी-20 वर्ल्ड कप में जहां बल्लेबाजों से तेज रन बनाने की उम्मीद होती है, वहीं बाबर आजम का स्ट्राइक रेट 111.5 रहा है, जो 500 से ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में सबसे कम है। इस लिस्ट में हफीज, संगकारा और विलियमसन जैसे बड़े नाम भी हैं, लेकिन बाबर सबसे नीचे हैं।
- **शाहीन पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज-** शाहीन अफरीदी नई गेंद से टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे खतरनाक गेंदबाज साबित हुए हैं। उन्होंने पावरप्ले में 18 विकेट लेकर इस फेज में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया।
- **शाहीन सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पाकिस्तानी बॉलर-** पाकिस्तान के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अब शाहीन अफरीदी के नाम है। उन्होंने 102 मैचों में 135 विकेट लेकर हारिस रऊफ को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 133 विकेट हैं।

### वर्ल्ड कप इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा

हैरी ब्रूक ने कप्तान रहते हुए पाकिस्तान के खिलाफ 100 रन की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। वह टी-20 वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाले पहले कप्तान बने। इससे पहले क्रिस गेल का 98 रन सर्वोच्च स्कोर था। ब्रूक टी-20 वर्ल्ड कप रन चेज में शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज भी बने।

**ब्रूक दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज-** हैरी ब्रूक ने 50 गेंदों में शतक लगाकर टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। वह सिर्फ क्रिस गेल (47 गेंद) से पीछे हैं। साथ ही ब्रूक इंग्लैंड के लिए तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी भी बने। उनसे पहले जोस बटलर, डेविड मलान ऐसा कर चुके हैं।

## अब पाकिस्तान का क्वालिफिकेशन दूसरों के भरोसे

इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। टीम ने मंगलवार को ग्रुप-2 में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया और नॉकआउट राउंड में एंट्री की। 2010 और 2022 की चैंपियन टीम ने लगातार पांचवें एडिशन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।दूसरी ओर पाकिस्तान सुपर-8 स्टेज में एक भी मैच नहीं जीत सका। टीम को अब क्वालिफाई करने के लिए श्रीलंका के खिलाफ आखिरी मैच जीतने के साथ न्यूजीलैंड के हारने की दुआ भी करनी होगी।



- **भारत को क्वालिफाई जीतना होगा दोनों मैच?**

ग्रुप-1 पॉइंट्स टेबल में फिलहाल वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका 2-2 पॉइंट्स के साथ टॉप-2 पोजिशन पर हैं। भारत और जिम्बाब्वे आखिरी 2 पोजिशन पर हैं, दोनों का रन रेट माइनस में है।भारत को सीधे क्वालिफाई करने के लिए आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे, साथ ही साउथ अफ्रीका के वेस्टइंडीज के खिलाफ जीतने की उम्मीद भी करनी होगी।भारत आखिरी दोनों मैच जीत गया और वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को हरा दिया तो 3 टीमों के 4-4 पॉइंट्स हो जाएंगे। ऐसे में क्वालिफाई करने के लिए भारत को अपना रन रेट बाकी टीमों से बेहतर रखना होगा।भारत अगर एक भी मैच हारा तो टीम नॉकआउट की रेस से बाहर हो जाएगी।

**ग्रुप-1 में बाकी टीमों के क्या समीकरण हैं?-** साउथ अफ्रीका अब वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। टीम एक भी मुकाबला हारी तो उन्हें अपना रन रेट बेहतर रखना होगा। दोनों मैच हारने पर टीम बाहर हो जाएगी। वेस्टइंडीज को क्वालिफाई करने के लिए साउथ अफ्रीका और भारत के खिलाफ आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे। टीम एक भी मुकाबला हारी तो उन्हें अपना रन रेट बेहतर रखना होगा। दोनों मैच हारने पर टीम बाहर हो जाएगी।जिम्बाब्वे एक मैच हार चुकी है। टीम को क्वालिफाई करने के लिए भारत और साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी दोनों मैच जीतने ही होंगे। एक भी मैच हारने पर टीम बाहर हो जाएगी।

- **इंग्लैंड नॉकआउट में पहुंचा, पाकिस्तान की उम्मीदें कम**

ग्रुप-2 में 4 पॉइंट्स के साथ इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर टीम अपने ग्रुप में नंबर-1 पर फिनिश कर सकती है। अगर श्रीलंका से न्यूजीलैंड जीता तो श्रीलंका बाहर हो जाएगी, फिर टीम पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर भी क्वालिफाई नहीं कर पाएगी।



## 16 साल पहले आज ही सचिन ने लगाया था दोहरा-शतक


### उनके बाद 4 भारतीयों ने डबल सेंचुरी लगाई, रोहित के नाम सबसे बड़ा स्कोर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 16 साल पहले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने इतिहास रचा था। 24 फरवरी 2010 को ग्वालियर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सचिन वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने। इस ऐतिहासिक पारी में सचिन ने 147 गेंदों का सामना करते हुए 25 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 200 रन बनाए। यह वनडे इतिहास का पहला ही दोहरा शतक था।

**सईद अनवर का रिकॉर्ड तोड़ा था-** वनडे क्रिकेट में सचिन से पहले 2 बैटर्स 194 तक पहुंचे थे। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सईद अनवर ने 1997 में भारत के खिलाफ चेन्नई में ही 194 रन बनाए थे। 2009 में फिर जिम्बाब्वे के चार्ल्स कॉवेंट्री ने बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 194 रन की पारी खेली थी।

- **सचिन ने 5 बार 150+ का स्कोर बनाया-** सचिन ने वनडे इंटरनेशनल में 5 बार 150 या उससे ज्यादा के स्कोर बनाए। डबल सेंचुरी के अलावा सचिन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 186, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 175, न्यूजीलैंड के खिलाफ ही 163 और नामीबिया के खिलाफ 152 रन बनाए हैं।

## स्टीव बकनर ने माना- तेंदुलकर को एलबीडब्ल्यू देना गलती थी



अंपायर स्टीव बकनर ने सचिन तेंदुलकर को गाबा टेस्ट में आउट होने पर माना है कि उनसे गलती हो गई थी। वेस्टइंडीज के पूर्व अंपायर ने मैच के 22 साल बाद कहा कि आज भी लोग उनसे इसके बारे में सवाल करते हैं।दरअसल, 2003-04 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर स्टीव बकनर ने सचिन तेंदुलकर को एलबीडब्ल्यू आउट दिया था। यह मैच ड्रॉ हो गया था। 4 मैचों की सीरीज भी 1-1 से बराबरी पर रही थी।

**3 रन पर आउट हुए थे तेंदुलकर-** पहले टेस्ट में सचिन तेंदुलकर 3 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी की गेंद को उन्होंने छोड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके पैड पर लगी। जोरदार अपील के बाद स्टीव बकनर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दे दिया। बाद में टीवी रीप्ले में स्पष्ट हुआ कि गेंद स्टंप के ऊपर से जा रही थी।

**व्यापार**

## वैश्विक अनिश्चितता और एआई की वजह से बाजार का सेंटिमेंट प्रभावित

**मुंबई, एजेंसी।** कमजोर वैश्विक संकेतों को देखते हुए निवेशकों द्वारा बाजार में मुनाफावसूली जारी है। हालांकि आज घरेलू बाजार में बढ़त देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 558.79 अंक बढ़कर 82,784.71 पर पहुंच गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 157.05 अंक चढ़कर 25,581.70 पर पहुंच गया।

वहीं पिछले दिन मंगलवार को भारतीय बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी टैरिफ पर चिंता के साथ आईटी शेयरों की बड़े पैमाने पर बिकवाली रही। वहीं अमेरिका-ईरान विवाद जो काफी लंबे समय से चल रहा है साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के साथ मजबूत होता डॉलर भी बाजार की गिरावट की वजह बने।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वेल्थ मैनेजमेंट रिसर्च हेड सिद्धार्थ खेमका कहते हैं कि दुनिय भर में



अनिश्चितता और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की वजह से होने वाली रुकावट की चिंता लगातार बाजार के सेंटिमेंट पर असर डाल रही हैं। आगे देखें तो, मिले-जुले ग्लोबल और घरेलू संकेतों की वजह से मार्केट के एक बड़े दायरे में बने रहने की उम्मीद है। आईटी कंपनियों की शेयरों के लिए फरवरी का महीना सबसे बुरा साबित होता दिखाई दे रहा है। निफ्टी आईटी इंडेक्स में अभी तक 20 प्रतिशत अधिक की गिरावट देखी जा चुकी है, जो कि सितंबर 2008 के बाद की सबसे बड़ी मंथली गिरावट बन सकती है। एआई आधारित परेशानियों और अमेरिका में उच्च ब्याज दरों को लेकर चिंताओं के बीच फरवरी में अभी तक आईटी शेयरों में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं वैश्विक स्तर पर भी आईटी शेयरों में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर कहते हैं कि ग्लोबल टेक्नोलॉजी स्पेस में एआई की वजह से होने वाली रुकावट को लेकर चिंताओं ने कुल मिलाकर रिस्क लेने की क्षमता पर असर डाला और अधिकतर सेक्टर्स में अपनी रक्षात्मक पोजिशनिंग को बढ़ाया है। आईटी सेक्टर पर बिकवाली का सबसे अधिक असर पड़ा और इसकी वजह से ग्लोबल कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई है।

## एनटीपीसी और कोल इंडिया के शेयर करा सकते हैं निवेशकों की मौज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में दो दिन की तेजी के बाद भारी गिरावट आई। एआई से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही। अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया। जानकारों का कहना है कि वैश्विक व्यापार घटनाक्रम और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को लेकर पैदा हुई नई चिंताओं के बीच निवेशक धारणा कमजोर रही और कच्चे तेल के दाम भी चढ़ गए। इसके अलावा एआई से व्यापक व्यवधान की आशंका और वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में बने दबाव का असर भी मानक सूचकांकों की गिरावट के रूप में देखा गया। वैश्विक व्यापार और अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंताएं दोबारा बढ़ गई हैं।

## होली से पहले एलपीजी के रेट होंगे अपडेट, 5 साल से मार्च में लग रहे झटके

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले 5 साल का ट्रेंड बताता है कि मार्च के महीने में घरेलू और कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट बढ़े ही हैं। कॉमरशियल सिलेंडर तो हर बार महंगा हुआ है, जबकि इस दौरान घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट मार्च में जब भी बदले, उपभोक्ताओं को झटका ही लगा है। होली से पहले 1 मार्च को एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) के रेट अपडेट होंगे। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां इस दिन नए रेट जारी करेंगी। पिछले 5 साल का ट्रेंड बताता है कि मार्च के महीने में घरेलू और कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट बढ़े ही हैं। कॉमरशियल सिलेंडर तो हर बार महंगा हुआ है, जबकि इस दौरान घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट मार्च में जब भी बदले, उपभोक्ताओं को झटका ही लगा है।

अभी दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 853 रुपये, कोलकाता में 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये और चेन्नई में 868.50



रुपये में मिल रहा है। आंकड़े इंडियन ऑयल की वेबसाइट से लिए गए हैं। इसके अनुसार कॉमर्शियल सिलेंडर दिल्ली में 1740.50 रुपये, कोलकाता में 1844.50 रुपये, मुंबई में 1692 और चेन्नई में 1899.50 रुपये में बिक रहा है। पिछले 5 साल में तीन बार ही मार्च में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट बदले। दो बार 1 मार्च को और एक बार 22 मार्च को। एक मार्च 2023 को घरेलू एलपीजी सिलेंडर 50 रुपये महंगा हो गया। 6 जुलाई 2022 के बाद रेट में बदलाव हुआ था और दिल्ली में यह 50 रुपये बढ़कर 1103 रुपये पर पहुंच गया। 14 किलो वाले इस सिलेंडर के दाम कोलकाता में 1129, मुंबई में 1102.50 और चेन्नई में 1118.50 रुपये पर पहुंच गए।जबकि, साल 2022 में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट में बदलाव 22 मार्च को हुआ। इस दिन भी 50 रुपये का इजाफा हुआ। रेट में बदलाव 6 अक्टूबर 2021 के बाद हुआ था। दिल्ली में घरेलू सिलेंडर 949.50 रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह कोलकाता में 976, मुंबई में 949.50 और चेन्नई में 965.50 रुपये का हो गया। साल 2021 का मार्च भी घरेलू एलपीजी सिलेंडर के उपभोक्ताओं को झटका ही दिया। 1 मार्च 2021 को घरेलू एलपीजी सिलेंड दिल्ली में 25 रुपये महंगा होकर 819, कोलकाता में 845.50, मुंबई में 819 और चेन्नई में 835 रुपये का हो गया।

**पिछले 5 साल से मार्च महीने में क्या रहा कॉमर्शियल सिलेंडर का ट्रेंड:** मार्च 2025 में बढ़े थे सिलेंडर के दाम

पिछले साल यानी 2025 में दिल्ली में कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट में मामूली बढ़ोतरी हुई थी। एक फरवरी को 19 किलो वाला सिलेंडर यहां 1 फरवरी को 1797 रुपये में बिक रहा था, जो 1 मार्च 2025 को 6 रुपये बढ़कर 1803 रुपये का हो गया। कोलकाता में भी इतना ही महंगा होकर 1913, मुंबई में 1756 और चेन्नई मे 1965 रुपये का हो गया था।

### 10 स्टॉक्स ऐसे हैं, जिनमें हलचल की उम्मीद

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, आईआरएफसी से लेकर आरवीएनएल पर शेयर मार्केट के निवेशकों की नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विभिन्न खबरों के चलते आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, आईआरएफसी से लेकर आरवीएनएल तक पर शेयर मार्केट के निवेशकों की नजर रहेगी। करीब 10 स्टॉक्स ऐसे हैं, जिनमें हलचल की उम्मीद है। ऐसे में इन पर नजर रखना जरूरी है।

भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को सकारात्मक शुरुआत होने की उम्मीद है। पिछले सत्र में आई भारी गिरावट से उबरने के बाद, अब वैश्विक बाजारों से मिले घरेलू संकेतों से बाजार को मजबूती मिल सकती है। गिफ्ट निफ्टी के रुझान भी घरेलू इक्विटी में मजबूत शुरुआत की ओर इशारा कर रहे हैं। यह सूचकांक 25,669 के स्तर के करीब कारोबार कर रहा है, जो निफ्टी वायदा के पिछले बंद भाव से लगभग 69 अंकों की बढ़त दिखा रहा है।

**आईआरएफसी :** सरकार इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईआरएफसी) में अपनी चार प्रतिशत तक हिस्सेदारी ऑफर फॉर सेल के जरिए बेचेगी। यह ओएफएस बुधवार को गैर-खुदरा निवेशकों के लिए खुलेगा, जबकि खुदरा निवेशक गुरुवार को बोलियां लगा सकेंगे।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक:** हरियाणा सरकार ने मंगलवार को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से फंड के अनधिकृत ट्रांसफार की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। साथ ही यह समिति राज्य की बैंकिंग नीति की समीक्षा भी करेगी। रेल विकास निगम लिमिटेड ने सेंट्रल रेलवे से 270.22 करोड़ रुपये का ठेका हासिल है। यह ठेका दौंड-सोलापुर सेक्शन में 220/132/55 केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन स्थापित करने से जुड़ा है। दवा कंपनी ल्यूपिन को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से ब्रिवरासेटम ओरल सॉल्यूशन 10 द्वद्द/द्वरुके लिए मंजूरी मिल गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)